हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 31 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

12 मुख्यमंत्री बोले- जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें भाजपा इस...

14 अपार्टमेंट में तोड़फोड़ कर युवक पर जानलेवा...


# पीएससी जारी करेगा वार्षिक कैलेंडर, हर ब्लॉक में परीक्षा केंद्र, विभागों से पूछा- 3 साल में कौन सी भर्तियां?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा नया प्रयोग करते हुए अब वार्षिक कैलेंडर जारी किया जाएगा। संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर चीजों को व्यवस्थित करने के लिए यह व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में पीएससी ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है। पीएससी के अनुसार, एक माह के भीतर कैलेंडर जारी कर दिया जाएगा। कैलेंडर तैयार करने के लिए पीएससी द्वारा सभी विभाग को खत लिखा गया है। शासकीय विभागों से पूछा गया है कि उनके द्वारा आगामी तीन वर्षों में कौन से रिक्त पदों पर नियुक्ति की जानी है। इसके आधार पर ही कैलेंडर तैयार किया जाएगा।

- वर्षभर होने वाली परीक्षाओं का होगा उल्लेख, आवेदन सहित अन्य तिथियां भी

अलग खबर

इस कैलेंडर में पूरे वर्ष होने वाली भर्ती परीक्षाओं का जिक्र होगा। आवेदन तिथि से लेकर परीक्षा और साक्षात्कार तिथि का भी उल्लेख होगा। इससे वर्ष भर होने वाली परीक्षाओं की जानकारी छात्रों को एक साथ ही मिल जाएगी। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा पहले से ही इस तरह की व्यवस्था अपनाई जा चुकी है। दिसंबर अंत अथवा जनवरी माह में यूपीएससी पूरे वर्ष के लिए भर्ती परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर देता है।

## यूपीएससी की तर्ज पर चीजों को व्यवस्थित करने प्रयोग, एक माह के भीतर जारी होगा कैलेंडर

### दूसरे राज्यों को लिखा खत

कैलेंडर तैयार करने के लिए पीएससी द्वारा कमेटी बनाई जाएगी। छग लोक सेवा आयोग द्वारा दूसरे राज्यों के लोक सेवा आयोग को खत लिखा गया है। उनके द्वारा अपनाई जा रही विभिन्न चयन प्रक्रियाओं और भर्ती परीक्षाओं की जानकारी मांगी गई है। कमेटी इन सबका अध्ययन करेगी। किस व्यवस्था से क्या फायदे हैं और क्या नुकसान हैं, इसका विश्लेषण होगा। इन प्रणालियों का मूल्यांकन करने के बाद समिति द्वारा सुझाव दिए जाएंगे। इनमें से श्रेष्ठ सुझाव को लागू किया जाएगा।



### तय नहीं करनी होगी लंबी दूरी

वार्षिक कैलेंडर जारी करने के अलावा परीक्षा केंद्रों को लेकर भी बड़ा बदलाव किया जा रहा है। हर ब्लॉक में अब कम से कम एक परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। ऐसा होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को परीक्षा दिलाने अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। वार्षिक परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किए जाने के साथ ही ब्लॉक के परीक्षा केंद्रों की सूची भी घोषित की जाने की तैयारी है। गौरतलब है कि प्रदेश में 146 ब्लॉक हैं।

## खबर संक्षेप

### कंपनी प्रोडक्ट के बहाने ठगी अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय ठग को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी परविंदर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आमानाका नंदनवन रोड स्थित रस ब्यूटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में आईटी डिपार्टमेंट का कार्य देखता है। कंपनी में स्कीन केयर प्रोडक्ट एवं हर्बल प्रोडक्ट बनाकर ऑनलाइन प्रोडक्ट की बिक्री भारत के विभिन्न राज्यों में की जाती है। परविंदर को सूचना मिली कि अज्ञात मोबाइल धारक लगातार कंपनी के कस्टमरों को फोन कर उन्हें कंपनी के प्रोडक्ट का स्कीम बताकर ठगी कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी संजय वर्मा निवासी हालीशहर जिला 24 परगना पश्चिम बंगाल को उसके घर से गिरफ्तार किया। आरोपी को ट्रांजिस्ट रिमांड पर रायपुर लेकर आई है।



### शराब की अवैध बिक्री कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने आबकारी एक्ट मामले में एक आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 जनवरी को ग्राम उमारिया में विश्वजीत जोशी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 150 पौवा देशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 16 हजार 5 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी शराब की अवैध बिक्री कर रहा था। इस मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### 95 हजार का गांजा जब्त तस्कर पकड़ा गया

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी चैतन्य सबर निवासी पंडीगांव थाना जयपटना ओडिशा का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे प्लेटफार्म नंबर-7 स्थित पार्किंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बैग के साथ घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर आरोपी को पकड़कर जब उसके बैग की तलाशी ली तो उसमें 9 किलो 3 सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 95 हजार 330 रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### चाकू दिखाकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने चाकू के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी रूपेश दीप उर्फ मच्छर निवासी दुलारी नगर गौर चौक का है। पुलिस ने उसे अंग्रेजी शराब दुकान के पास चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



## मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री अस्पताल पहुंचे, घायल जवानों का हालचाल जाना

# नक्सली मुठभेड़ में घायल 8 जवान रायपुर लाए गए, सभी खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सली हमले में घायल हुए सुरक्षा बल के जवानों में से 8 जवानों को हेलीकॉप्टर से राजधानी रायपुर लाया गया। इनमें 4 जवानों को देवेंद्र नगर स्थित श्रीनारायणा हास्पिटल एवं अन्य 4 जवानों को श्रीबालाजी हास्पिटल मोवा में दाखिल कराया गया है। सभी जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। दोनों हास्पिटल में जवानों को आईसीयू वार्ड में रखा गया है, जहां उनका बेहतर तरीके से इलाज किया जा रहा है।

### एयरपोर्ट से हास्पिटल तक बनाया ग्रीन कॉरिडोर

नक्सली मुठभेड़ में घायल 8 जवानों को देर शाम हेलीकॉप्टर से रायपुर एयरपोर्ट लाया गया। यहां से घायल जवानों को ग्रीन कॉरिडोर बनाकर श्रीनारायणा और बालाजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। श्रीनारायणा हास्पिटल के प्रबंधक ने बताया कि उनके हास्पिटल में 4 जवान मलकीत सिंह, अविनाश शर्मा, टी. मधुकुमार एवं रावत ओमप्रकाश को भर्ती किया गया है। इनमें 2 जवान गंभीर रूप से घायल हैं, लेकिन सभी की हालत खतरे से बाहर है। सभी जवानों को आईसीयू वार्ड में रखा गया है, जहां उनका बेहतर उपचार किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य 4 जवानों का बालाजी में उपचार जारी है। इन जवानों में भी एक जवान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। यहां भी सभी जवानों का आईसीयू में उपचार जारी है।



### जवानों का मनोबल बढ़ा हुआः आईजी रतनलाल डांगी

घायल जवानों को देखने रायपुर आईजी रतनलाल डांगी सहित पुलिस के कई अधिकारी हास्पिटल पहुंचे थे। इस दौरान आईजी ने हास्पिटल के डॉक्टरों से भी मिलकर घायल जवानों का हाल भी जाना। जवानों का हालचाल पूछने के बाद आईजी ने कहा कि घायल होने के बाद भी जवानों का मनोबल बढ़ा हुआ है। घायल जवानों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान नक्सली 5 सौ से ज्यादा संख्या में थे, जबकि जवानों की संख्या बहुत कम थी। इसके बावजूद वे डटकर मुकाबला किए, जिसके बाद नक्सली खुद को कमजोर होता देख भाग खड़े हुए। उन्होंने बताया कि घायल सभी जवान खतरे से बाहर हैं। उनका बेहतर इलाज हो रहा है।

### आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता से जारी रखेंगे लड़ाई : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुठभेड़ में शहीद हुए 3 जवानों की शहादत को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए शासन सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने नए कैंप बनाए जा रहे हैं, जिससे नक्सली बौखलाकर कायराना हरकत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम हर स्थिति में अपने जवानों के साथ मजबूती से खड़े हैं। हम माओवादी आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई दृढ़ता से जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश शहीद जवानों के परिवारजनों के साथ है।

### मुख्यमंत्री-उप मुख्यमंत्री अस्पताल पहुंचे

नक्सल हमले में घायल जवानों को देखने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अस्पताल पहुंचे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने घायल जवानों का हालचाल जाना और मुठभेड़ के बारे में उनसे जानकारी ली।

### मुख्यमंत्री ने कहा- छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा करके रहेंगे, लड़ाई और तेज होगी

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में घायल जवानों से मुलाकात के बाद कहा, राज्य में नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद अब अपने खात्मे की ओर है। लड़ाई हम जीतेंगे। आने वाले समय में नक्सलवाद को खत्म करके रहेंगे। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में इलाजरत जवानों से मुलाकात की। उनका कुशलक्षेम जाना और चिकित्सकों को घायल जवानों का बेहतर से बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद एवं बसवराजू उनके साथ थे। गौरतलब है कि सुकमा जिले के जगरगुंडा थाने के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों और सुरक्षा बल के जवानों के बीच हुई मुठभेड में सुरक्षा बल के तीन ⏭ शेष पेज 13 पर

### उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव

मुख्यमंत्री ने कहा, हम हर स्थिति में अपने जवानों के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षा बल के जवान सर्चिंग पर निकले थे। नक्सलियों ने उन पर घात लगाकर कायराना हमला किया है। हमारे जवानों ने उनके इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिसके चलते नक्सली भाग खड़े हुए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में जब से डबल इंजन की सरकार बनी है, नक्सलियों के विरूद्ध लड़ाई तेज हुई है। माओवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की प्रभावी कार्यवाही और दखल के चलते नक्सलियों के पांव उखड़ने लगे हैं।

# केंद्रीय मूल्यांकन के लिए दूसरे राज्यों से रायपुर आने प्राध्यापकों ने की तौबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पिछले साल से केंद्रीय मूल्यांकन लागू होने के बाद रविवि के कॉलेजों की सेमेस्टर परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाएं पूर्णतः स्थानीय प्राध्यापकों के अधीन हो गई हैं, अर्थात रविवि के छात्रों की कॉपियां सिर्फ छत्तीसगढ़ के प्राध्यापक ही जांच रहे हैं। केंद्रीय मूल्यांकन ना होने की स्थिति में पं. रविशंकर शुक्ल विवि के छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं दूसरे राज्यों में मूल्यांकन के लिए जाती थी। रविवि ने बीते वर्ष केंद्रीय मूल्यांकन लागू किया था। व्यवस्था परिवर्तन के बाद अब मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं में 21 वर्ष पश्चात केंद्रीय मूल्यांकन होगा। अब तक प्राध्यापकों को रविवि द्वारा कॉपियां सौंप दी जाती थी। अपनी सुविधानुसार वे उत्तरपुस्तिकाओं की जांच घरों में अथवा अपने महाविद्यालय में कर सकते थे। मूल्यांकन कार्यों में आ रही गड़बड़ी और विलंब को देखते हुए रविवि अध्ययनशाला ⏭ शेष पेज 13 पर

- सेमेस्टर परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य लगभग पूर्ण, मार्च से वार्षिक परीक्षाएं

### पैनल में होते हैं नाम

रविवि द्वारा मूल्यांकन के लिए योग्य शिक्षकों की सूची तैयार की जाती है। इसके लिए उनसे आवेदन मांगे जाते हैं। प्रत्येक विषय का पैनल बनाया जाता है। इसमें संबंधित विषयों के उन शिक्षकों के नाम होते हैं, जो मूल्यांकन के लिए योग्य होते हैं। इन्हें ही मूल्यांकन के लिए उत्तरपुस्तिकाएं दी जाती हैं। दिसंबर-जनवरी में हुई सेमेस्टर परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग अंतिम चरण में है। मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन भी मार्च अंत अथवा अप्रैल से प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### पड़ोसी राज्यों में भेजी जाती थीं कॉपियां

रविवि द्वारा दिल्ली के प्राध्यापकों से उत्तरपुस्तिकाएं जंचवाई जानी कोरोना काल से पहले ही बंद कर दी गई है। दिल्ली के प्राध्यापकों द्वारा जांची गई उत्तरपुस्तिकाओं में छात्रों को कम अंक मिलते थे। वहां शिक्षा का स्तर उच्च होने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित होती थी। इसके बाद परिणाम सुधारने मध्यप्रदेश तथा ओडिसा जैसे पड़ोसी राज्य जहां शिक्षा का स्तर छग के समकक्ष है, केवल वहां से ही कॉपियां जंचवाई जाने लगी। केंद्रीय मूल्यांकन के कारण अब इन राज्यों के प्राध्यापक भी उत्तरपुस्तिकाएं नहीं जांचेंगे। एक उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के लिए 25 रुपए दिए जाने का प्रावधान है।

# एयरपोर्ट के फूड जोन का शटर अब भी डाउन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कोरोना की शुरुआत के बाद से बंद एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के फूड जोन और रिटेल शॉप अब तक नहीं खुल पाए हैं। फूड जोन के लिए एक एजेंसी को वर्किंग आर्डर जारी किया गया है, मगर बीसीएएस का क्लीयरेंस नहीं मिलने की वजह से मामला अटका हुआ है। यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग के भीतर चाय-बिस्किट और पैकेट्स फूड की सुविधा दो काउंटरों के माध्यम से देने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को टर्मिनल के बाहर स्थित कैफेटेरिया में नाश्ते और खाने की सुविधा मिल रही है, मगर भीतर ⏭ शेष पेज 13 पर

### लंबे इंतजार के दौरान दिक्कत

सूत्रों का कहना है कि फ्लाइट का सफर करने वाले शहर के लोगों को दिक्कत नहीं होती, मगर दूर-दराज के क्षेत्रों से आकर अपनी यात्रा शुरू करने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर जब किसी वजह से फ्लाइट लेट हो जाती है, तो यात्रियों को लंबे इंतजार के दौरान खाने-पीने की समस्या को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोविड से पहले टर्मिनल भवन के प्रथमतल पर यात्रियों को रेस्टोरेंट में खाने-पीने की सुविधा मिल जाती थी।

### प्रतिदिन छह हजार की आवाजाही

देश के दर्जनभर से अधिक शहर हवाई मार्ग के जरिए रायपुर से जुड़े हुए हैं, जहां से यात्रियों की नियमित रूप से आवाजाही बनी रहती है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए राज्य से जाने वाले महानगरों तक अपनी यात्रा रायपुर एयरपोर्ट के माध्मय से पूरी करते हैं। रायपुर से प्रतिदिन छह हजार तक यात्री आवाजाही करते हैं और बीस से अधिक उड़ानों का नियमित रूप से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता सहित विभिन्न शहरों के लिए संचालन किया जाता है।

# दो डिग्री तक चढ़ा रात का पारा, सामान्य हुआ मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में रात का तापमान दो डिग्री तक चढ़ चुका है, इसके असर से मौसम सामान्य हो गया है। आने वाले दो दिनों तक इसमें और वृद्धि होने और रायपुर समेत मध्य इलाके बेहद हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है। फरवरी की शुरुआत भी पश्चिमी विक्षोभ के साथ होने के आसार हैं।

- आज-कल हो सकती हल्की बारिश

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक दिन की लंबाई बढ़ने की वजह से अब धीरे-धीरे ठंड का प्रभाव कम होता जा रहा है। इसके साथ आने वाले विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश का मौसम भी आए दिन बदल रहा है। पिछले कुछ दिनों तक राज्य में ठंड ने अपना असर दिखाया था, मगर अब दक्षिण की नमीयुक्त गर्म हवा के प्रभाव से रात का तापमान चढ़ने लगा है। मंगलवार को रायपुर समेत राज्य में न्यूनतम ⏭ शेष पेज 13 पर

### बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि नमीयुक्त गर्म हवा के प्रभाव से बुध और गुरुवार को रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग से लगे इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को शहर में आसमान साफ होने से धूप का तेज प्रभाव रहा और तापमान 29.8 डिग्री दर्ज किया गया, इसमें अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

# रजिस्ट्री दफ्तर से हटाया डिस्क्लेमर बोर्ड, पर नियम में नहीं हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर का असर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट स्थित रजिस्ट्री दफ्तर में टांगा गया डिस्क्लेमर का बोर्ड हटा दिया गया है। हरिभूमि ने इस सूचना बोर्ड को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसमें डिस्क्लेमर बोर्ड को लेकर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने वालों को सचेत करते हुए बताया गया था कि रजिस्ट्री के बाद अगर प्रॉपर्टी में कोई गड़बड़ी या क्रेता के साथ धोखाधड़ी होती है, इसके लिए उप पंजीयक को जिम्मेदार नहीं माना जाएगा और धोखाधड़ी का शिकार हुए लोग पंजीयन विभाग में इसे लेकर कोई शिकायत भी नहीं कर पाएंगे। इसीलिए रजिस्ट्री कराने से पहले ही क्रेता को संबंधित प्रॉपर्टी की पूरी छानबीन करनी होगी, ताकि उसके साथ किसी प्रकार की धोखाधड़ी न हो।

दीपावली त्योहार के महीने में प्रॉपर्टी की जमकर खरीदी-बिक्री हुई थी, जिसके कारण रायपुर पंजीयन कार्यालय में भी सामान्य दिनों की तुलना में बड़ी संख्या में लोग प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने पहुंचे थे। इस दौरान पंजीयन विभाग ने कार्यालय में डिस्क्लेमर सूचना बोर्ड टांगा था। इस बोर्ड के माध्यम से विभाग ने लोगों को स्पष्ट किया गया था कि कोई भी रजिस्ट्री अपनी जिम्मेदारी में कराएं। रजिस्ट्री के बाद प्रॉपर्टी में कोई गड़बड़ी पाई जाती है या धोखाधड़ी होती है तो इसके लिए विभाग और उप पंजीयक जिम्मेदार नहीं होंगे।

## रजिस्ट्री के बाद प्रॉपर्टी में गड़बड़ी मिलने पर उप पंजीयक जिम्मेदार नहीं


रजिस्ट्री कराते समय रहें सचेत धोखाधड़ी हुई तो सुनवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राह लिखा है सूचना बोर्ड में

चाहकर भी शिकायत नहीं कर पाएंगे क्रेता-विक्रेता

### बोर्ड हटा पर नियम में बदलाव नहीं

राज्य में राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) लागू किया जा रहा है। इस नई प्रणाली को फिलहाल ट्रॉयल के रूप में कुछेक पंजीयन कार्यालयों में ही लागू किया गया है, ज्यादातर कार्यालयों में ई-पंजीयन साफ्टवेयर के जरिए ही रजिस्ट्री की जा रही है। इस नई प्रणाली को लेकर विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ इससे जुड़े कार्य करने वालों को 15 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस तरह 1 अप्रैल से नई प्रणाली को राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में लागू कर दिया जाएगा। हालांकि नई प्रणाली के आने के बाद भी नियम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रजिस्ट्री के बाद प्रॉपर्टी में गड़बड़ी पाई जाती है तो इसके लिए विभाग नहीं, बल्कि स्वयं क्रेता जिम्मेदार होगा।

# बगैर मान्यता स्कूल संचालन, दो अन्य स्कूलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा दो स्कूलों पर कार्रवाई करते हुए नोटिस थमाया गया है। इन स्कूलों द्वारा बगैर मान्यता कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। प्राप्त शिकायत के आधार पर इन स्कूलों पर कार्रवाई की गई है। बगैर विभागीय मान्यता इन स्कूलों में कक्षाएं संचालित हो रही थी। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी केपीएस के कई स्कूलों को जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा नोटिस थमाया गया था। वरिष्ठ कांग्रेस ⏭ शेष पेज 13 पर

- जिला शिक्षा कार्यालय की कार्रवाई, मिली थी शिकायत

### प्रवेश पर रोक

मंगलवार को गायत्री नगर स्थित मां जानकी एजूकेशन सोसायटी तथा एसबीआई कॉलोनी, सुंदर नगर स्थित कृष्णा फाउंडेशन सोसायटी को नोटिस जारी किया गया है। इन सोसायटी द्वारा बगैर मान्यता शाला संचालन की बात सामने आई है। इन स्कूलों से कहा गया है कि वे शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नए छात्रों को प्रवेश ना दें। विभागीय मान्यता प्राप्त करने के बाद ही यहां कक्षा संचालन हो सकेगा। एक सप्ताह में स्कूलों से मान्यता सहित अन्य जानकारी मांगी गई है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# भाजपा के गांव चलो अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक भी एक गांव में गुजारेंगे रात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में गांव चलो अभियान चलाने का फैसला किया है। अभियान का प्रारंभ 4 फरवरी से होगा। समापन 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुन्यतिथि पर होगा। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी एक गांव में जाएंगे और रात गुजारेंगे। इसके अलावा प्रदेश के सभी मंत्री, सांसद, विधायक, बड़े से लेकर छोटे पदाधिकारी और नेता भी एक-एक गांव तक जाएंगे और वहां पर 24 घंटे रहेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायकों के 10 और 11 फरवरी को ही जाने की संभावना है, क्योंकि पांच फरवरी से विधानसभा का सत्र प्रारंभ हो रहा है। शनिवार और रविवार को विधानसभा का सत्र न होने पर सभी मंत्री और विधायक गांव चलो अभियान का हिस्सा बनेंगे।

केंद्र सरकार के साथ ही जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, उनकी उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने के लिए भाजपा के राष्ट्री संगठन ने गांव चलो अभियान तैयार किया है। इस अभियान में देश के हर गांव तक भाजपा के किसी न किसी कार्यकर्ता को जाना है। अभियान में सभी केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को शामिल किया गया है। इसी के साथ बूथ लेकर मंडल, शक्ति केंद्र, जिला और प्रदेश संगठन के भी सभी पदाधिकारियों को एक-एक गांव तक जाने का जिम्मा दिया गया है।

## केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताएंगे



### 20 हजार गांव तक जाएंगे

छत्तीसगढ़ में करीब 20 हजार गांव हैं। अभियान के प्रदेश प्रभारी नारायण सिंह चंदेल ने बताया, गांव चलो अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में 4 फरवरी से लेकर 11 फरवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रदेश के हर गांव में भाजपा कार्यकर्ता जाएंगे। इस अभियान में मुख्यमंत्री से लेकर सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, सहित सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता गांवों में जाकर 24 घंटे वहां रुकेंगे एवं वहां के लोगों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताएंगे। उन्होंने बताया, गांव चलो अभियान को लेकर हर जिले में कार्यशाला चल रही है। इसका मुख्य विषय लोकसभा चुनाव की तैयारी है जिसमें क्या-क्या कार्य करना है इस पर चर्चा की जा रही है। भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गांवों में जाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलेंगे और वहां के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके लिए जिले में एक संयोजक एवं दो सहसंयोजक बनाए गए हैं वही मंडल स्तर में एक संयोजक एवं एक सहसंयोजक बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर बलिदानियों का ऋण कभी नहीं चुकाया जा सकता। गांधीजी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर डटे रहकर किस तरह बड़ा लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी विश्व के लिए न सिर्फ उपयोगी हैं, बल्कि उनके विचारों और दर्शन में अनेक समस्याओं का समाधान भी छिपा है। उन्हीं की प्रेरणा से नए और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। हम सभी गांधी जी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का प्रण लें और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। यही गांधीजी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### राजभवन में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**रायपुर।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अमृत कुमार खलखो, विधिक सलाहकार राजेश श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### कैबिनेट की बैठक आज

**रायपुर।** राज्य कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में शाम 5 बजे मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक में विभिन्न विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की समीक्षा भी कैबिनेट में की जाएगी। धान के उपार्जन और मिलिंग को लेकर प्रगति की जानकारी ली जाएगी।

### जेएन पाण्डेय स्कूल के नवीनीकरण के लिए मिलेंगे पांच करोड़



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को प्रो. जेएन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक स्कूल के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने स्कूल के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उच्च शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में प्रतियोगिता काफी कठिन हो गई है ऐसे में बच्चों को पहले से ही अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी के अनुसार कड़ी मेहनत करनी चाहिए। पढ़ाई के अलावा खेल-कूद और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बच्चों को ध्यान देना चाहिए, जिससे उनका व्यक्तित्व और निखर सके। उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास हो सके।

### शहीदों को किया नमन



रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस पर मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रालयीन अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के अमर शहीद सेनानियों को श्रद्धांजलि दी।

## प्रत्याशी तय होने से पहले ही खुल गए रायपुर के साथ महासमुंद और दुर्ग में लोकसभा कार्यालय

# मुख्यमंत्री बोले- जीतेंगे छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें, भाजपा इस बार 400 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



लोकसभा चुनाव के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि प्रत्याशी अभी तय नहीं हैं और लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय खुल गए। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर प्रदेश की सभी 11 लोकसभाओं में 31 जनवरी तक कार्यालय खोले जाने हैं। इसके पहले कदम पर राजधानी रायपुर में रायपुर लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा, इस बार छत्तीसगढ़ में भाजपा सभी 11 सीटें जीतेगी, इसी के साथ देश में इस बार भाजपा 400 सीटों के पार जाएगी।

■ रायपुर लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री साय ने कहा, रायपुर लोकसभा में 9 विधानसभाएं हैं, इसमें से 8 विधानसभाओं में भाजपा जीती है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से भाजपा पर जनता ने भरोसा किया है और भाजपा को विधानसभा के चुनाव में 54 सीटों पर जीत मिली है। इसके लिए हम जनता का धन्यवाद करते हैं। साथ ही जनता को भरोसा दिलाते हैं कि भाजपा ने मोदी की गारंटी में जो भी वादा किया है, उसे पूरा किया जाएगा।

### पांच लाख से ज्यादा मतों से जीतेंगे रायपुर में

श्री साय ने कहा, रायपुर में पहले रमेश बैस सांसद थे। इस समय सुनील सोनी सांसद हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को रायपुर से पांच लाख से ज्यादा मतों जीत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने साय ने कार्यकर्ताओं से सवा किया, आज भाजपा के सामने कोई है, तो कार्यकर्ताओं ने जवाब दिया, कोई नहीं है। श्री साय ने कहा, देशभर में विचारधारा का भी काम हुआ है। अयोध्या में रामलला की स्थापना हो गई। ट्रिपल तलाक, 370 धारा हट गई। आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं। मोदी जी का विश्व में सम्मान हो रहा है तो यह भारतवासियों का सम्मान है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, इसी नारे के साथ भाजपा देश को बढ़ाने में लगी है।

### जीतेंगे सभी 11 सीटें : बृजमोहन

शिक्षा एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ का इतिहास आपने बदला है। विधानसभा के बाद अब लोकसभा में भी बदलना है। मोदी जी को बताना है कि आपकी गारंटी पर हमने विधानसभा चुनाव जीता है। अब लोकसभा में 11 की 11 सीटें हम जीतकर बताएंगे। उन्होंने कहा, आज मोदी जी का योगदान है, जो आज छत्तीसगढ़ का स्वरूप दिख रहा है। आपके दम पर हमने सरकार बनाई है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सब कार्यकर्ता जी-जान से काम करेंगे। रायपुर लोकसभा सीट को हम ज्यादा से ज्यादा मतों से जीतने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, रामप्रताप सिंह, रायपुर लोकसभा के प्रभारी संदीप शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, देवजी पटेल सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मंत्री से अस्पतालों की आर्थिक स्थिति सुधारने की भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा चिकित्सा के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर प्रदेश में अस्पतालों की आर्थिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इनमें सुधार की मांग रखी। इसी के साथ आयुष्मान कार्ड में पैकेज को लेकर भी बताया गया कि इसमें संशोधन की बड़ी जरूरत है।

■ संयोजक डा. विमल चोपड़ा ने दी कई जानकारियां

डॉ. चोपड़ा ने बताया, मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है कि वर्तमान विधानसभा सत्र में जितना भी बचा हुआ भुगतान है, उसका बजट में प्रस्ताव पास कर करके चिकित्सालयों को भुगतान कर दिया जाएगा। इस बात से भी मंत्री सहमत हुए की आयुष्मान योजना में कम पैकेज रेट के कारण भ्रष्टाचार की संभावना रहती है। पैकेज रेट जो वर्तमान में अनुरूप नहीं है, उसमें संशोधन किया जाएगा। ऐसे अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी चिन्हित किया जाएगा जो इस योजना में व्यवधान डाल रहे हैं। मरीजों को इस योजना के अंतर्गत आने वाली समस्याओं से डॉ. चोपड़ा ने मंत्री को अवगत कराया, मंत्री को बताया गया मेडिकल कॉलेज स्तर पर इस योजना के अंतर्गत इलाज लेने में हो रहे विलंब, शासकीय अस्पतालों में मरीज के साथ होने वाले व्यवहार, प्राइवेट हॉस्पिटलों में मरीज को प्राथमिकता के साथ इलाज के बारे में जानदारी दी। डॉ. चोपड़ा ने सुझाव दिया कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय, प्राइवेट चिकित्सक और जनप्रतिनिधियों के बीच में बैठकर समंजस स्थापित किया जाए, जिससे कि मरीज को सरलता से उचित इलाज प्राप्त हो पाए।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत करने बनी 11 समितियां

## 5 दिनों तक छत्तीसगढ़ के 7 जिलों 536 किमी होकर यात्रा गुजरेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत होगा। कांग्रेस पार्टी ने उनकी यात्रा के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। 11 कमेटियां बनाई गई हैं तथा यात्रा जिन जिलों से गुजरेगी वहां के लिये वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य के 7 जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे। भुखमरी, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, सांप्रदायिक विद्वेष के दौर में राहुल गांधी की न्याय पदयात्रा लोगों के जख्मों पर मरहम साबित होगी।

देश की एकता, अखण्डता, संविधान, लोकतंत्र की रक्षा, जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है। भारत जोड़ो न्याय पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने देश में सत्याग्रह के द्वारा जनता के महत्वपूर्ण मसलों को हल किया है। यह सत्याग्रह उस विचारधारा को उखाड़ फेंकेगा जो मृत्यु के समय भी राम का नाम लेने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे को आदर्श मानता है। आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है।




### न्याय यात्रा से डर गई भाजपा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत से ही भाजपा डर गयी है। मणिपुर सरकार ने इम्फाल में यात्रा की शुरुआत के लिये पहले तो अनुमति देने से मना किया, जब अनुमति दी भी गयी, तो उसमें शर्तें भी लगा दी गयी थीं। असम की भाजपा सरकार ने यात्रा में बाधा करने के लिये स्तरहीन हथकंडा अपनाया था। भाजपा नहीं चाहती है कि देश की जनता की महंगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं के खिलाफ लोग एकजुट हों, इसीलिए राहुल गांधी की यात्रा में बाधा पैदा करने के लिये षड़यंत्र रचा जा रहा है।

# राजस्व के सामान्य प्रकरण 90 दिनों में, विवादित मामले अपील पुनरीक्षण का तीन महीने में होगा निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में तेजी आएगी। राज्य में बड़ी संख्या में लंबित ऐसे मामलों के तेजी से निराकरण के लिए सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अविवादित श्रेणी के मूल मामलों, विवादित श्रेणी के मामले और अपील, पुनरीक्षण, पुनर्विलोकन के मामलों को लोक सेवा गारंटी के अधीन लाया गया है। यानी इन प्रकरणों के निपटारे के लिए समयसीमा तय कर दी गई है।

### अधिनियम में हुआ संशोधन

राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने छत्तीसगढ़ लोकसेवा गारंटी अधिनियम की वर्ष 2011 में जारी अधिसूचना में संशोधन किया है। इस संबंध में राजपत्र में अधिसूचना भी जारी की गई है। खास बात ये है कि इससे पूर्व राजस्व संबंधी मामलों में केवल नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों को ही लोकसेवा गांरटी में शामिल किया गया था। इन प्रकरणों के निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित थी।

### अब हुआ ये बदलाव




राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने लोकसेवा गारंटी अधिनियम में संशोधन किया है कि अविवादित श्रेणी के मूल मामलों में सेवा प्रदाय करने की समय सीमा 90 दिन होगी। इसी तरह विवादित श्रेणी के मूल मामलों में सेवा प्रदाय करने की समय सीमा 180 दिन तथा अपील पुनरीक्षण,पुनर्विलोकन के मामलों में सेवा प्रदाय की समय सीमा 180 कार्य दिवस होगी।

### इसका मतलब है टाइमलाइन तय

राज्य सरकार द्वारा लोकसेवा गारंटी अधिनियम में किए गए इस बदलाव का क्या मतलब है? राजस्व मामलों के जानकार अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इसका मतलब ये है कि संबंधित मामलों के निपटारे के लिए समय सीमा यानी टाइम लाइन तय कर दी गई है। संबंधित राजस्व न्यायालयों को अब निर्धारित समय सीमा में इन प्रकरणों की सुनवाई कर उनका निपटारा करना होगा। इसका मतलब ये भी है कि अगर किसी प्रकरण के निपटारे में देर के लिए कोई अपरिहार्य कारण नहीं है, तो समय सीमा में ही उनका निराकरण करना होगा।

### प्रदेश में लंबित हैं हजारों प्रकरण

जानकारों के मुताबिक राज्य में राजस्व संबंधी हजारों प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल को आखिरी दो साल में भी इन प्रकरणों के निपटारे के लिए खुद मुख्यमंत्री ने कई बार निर्देश दिए, लेकिन मामले लंबित ही रहे। यही स्थिति अब भी भाजपा सरकार के कार्यकाल में बनी हुई थी। यही कारण है कि अब लंबित प्रकरणों के तेजी से निपटारे के लिए तीन प्रकार के मामलों को लोकसेवा गारंटी अधिनियम में शामिल किया गया है। राज्य में राजस्व संबंधी मामलों में लंबित की संख्या इस प्रकार है- 6 माह से अधिक लंबित 73 हजार 620, 6 माह से एक वर्ष तक से लंबित 32 हजार 535, एक वर्ष से तीन वर्ष तक लंबित 24 हजार 844, तीन वर्ष से पांच वर्ष तक लंबित 5 हजार 163, पांच वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या 4 हजार 469 है।

## उप सचिव, अवर सचिव और अनुभाग अधिकारियों की पदोन्नति

# मंत्रालयीन सेवा के 24 अधिकारियों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंत्रालयीन सेवा के 24 अधिकारियों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। विभिन्न विभागों के उप सचिव, अवर सचिव और निज सचिवों की पदोन्नति कर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। हरिश टंडन निज सहायक सचिव कृषि को निज सचिव, छविलाल साहू निज सचिव सीएम के सचिव को निज सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है।

अवर सचिव के पद से उप सचिव के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में रविंद्र मेढेकर पीएचई से जल संसाधन विभाग, विजय कुमार चौधरी समाज कल्याण विभाग से स्वास्थ्य विभाग, कमलेश कुमार साहू को वित्त विभाग से धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग, काशी प्रसाद राजपूत को वन विभाग में यथावत रखा गया है। सरोज उईके राजभवन सचिवालय से आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ किया गया है। सहायक अनुभाग अधिकारी से अनुभाग अधिकारी के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में शिव कुमार गौड़ पंचायत से आदिम जाति कल्याण विभाग, राजपाल बघेल को राजस्व से वित्त विभाग, राजेश कुमार जैन आदिम जाति कल्याण विभाग से अनुसूचित जाति विकास विभाग, राजेश मिश्रा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी को गृह विभाग, मुस्ताक अली अंसारी पशुधन विभाग से सहकारिता विभाग, विजय कुमार चौरसिया ग्रामोद्योग से राजस्व विभाग, मिर्जा अयाज जीएडी से वित्त विभाग, नीरज शर्मा खाद्य से वित्त विभाग, जयंत भगवान कोलते जीएडी से पशुधन, आशीष शर्मा विज्ञान प्रौद्योगिकी से वित्त विभाग, कमलेश कुमार बंजारे वित्त से जल संसाधन विभाग में पदस्थ किया गया है। अनुभाग अधिकारी से अरव सचिव के पद पर पदोन्नत अधिकारियों में उमेंदी राणा जीएडी से परिवहन, दशेराम चंद्रवंशी जीएडी से आदिम जाति कल्याण, मुकेश चौहान गृह से स्वास्थ्य विभाग, तुकाराम भतपहरी सहकारिता से पीएचई, किर्तीवर्धन उपाध्याय वित्त से इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कवंर लाला मांझी पशुधन से वन विभाग पदस्थ किए गए हैं।




# तीन बैगा आदिवासियों की मौत, न्यायिक जांच कराने बैज ने सीएम साय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कवर्धा के नागडबरा गांव में तीन बैगा आदिवासियों की मौत के मामले में न्यायिक जांच कराने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा, तीन बैगा आदिवासियों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। परिजनों का पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप है। बैगा आदिवासी विशेष संरक्षित जनजाति है। बैगा आदिवासी राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र हैं। मामले की गंभीरता से लेकर न्यायिक जांच करानी चाहिए।

■ परिजनों ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप : बैज



कुकदुर थाना से मिली जानकारी के अनुसार एक झोपड़ी में आग लगने से एक ही परिवार के तीन बैगा आदिवासियों की मौत हुई थी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। ग्राम पंचायत माठपुर अंतर्गत आने वाले नागाडबरा बस्ती में बीती रात बुधराम पिता भोपसिंह 35, हिरमतीन बाई पति बुधराम 32 वर्ष और उनके आठ वर्षीय पुत्र जोन्हू की अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लगने से जलकर मृत्यु हो गई। कल ये तीनों किसी परिजन के घर आयोजित छठी कार्यक्रम में गए हुए थे, जहां से रात लगभग 12 बजे लौटे थे। गांव वालों ने जब आज सुबह ये मंजर देखा, तो घटना की सूचना कुकदुर पुलिस को दी। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटनास्थल पर शवों के करीब एक गैस सिलेंडर के साथ चूल्हा देखने के बाद प्रथम दृष्टया यह मामला गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण हुई दुर्घटना का लगता है।

## खबर संक्षेप



### बूढ़ापारा हनुमान मंदिर में किया रामरक्षा स्त्रोत

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार को सुबह बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सात बार रामरक्षा स्त्रोत का पाठ किया और छह बार हनुमान चालीसा का पाठ। मंडल की आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र प्रति मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करता आ रहा है। जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल के अन्य केंद्र भी समीपस्थ हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं रामरक्षा स्त्रोत का पाठ नियमित रूप से करेंगे। कार्यक्रम में हेमा पराड़कर, अपर्णा मोघे, अनघा करकशे, अर्चना मोघे सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

### 6 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल रेगे शीतला मंदिर ढीमर मोहल्ले का रहवासी है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 35 पौवा देशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 3850 रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### एनीकट से तालाब भरने की योजना का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए तालाब न केवल उनके दैनिक उपयोग के निर्वहन के लिए, अपितु बहुत से रीति-रिवाजों से संबंधित कार्यों के लिए भी होते हैं। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण आस्थाओं से बहुत करीब से जुड़े हुए यह तालाब गर्मी के दिनों में सूख जाते हैं, जिससे न केवल उस तालाब के आश्रित ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता है, बल्कि उनके रीति-रिवाजों से संबंधित कार्य भी प्रभावित होते हैं। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने इस संबंध में जिला महासमुंद के महासमुंद विकासखंड में स्थित ग्राम मुढ़ेना में एनीकट से तालाब भरने की एक प्रगतिरत परियोजना का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

### जिला सलाहकार समिति के सदस्य बने अमित

रायपुर। भारत सरकार के केंद्रीय युवा कल्याण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित चौधरी को नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



## निधन

### ओमप्रकाश मिश्रा

**रायपुर।** कोटा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश मिश्रा (75) का 30 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 जनवरी को सुबह 10 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे नेहा, तनु व हिना के पिता थे।



### प्रेमलता शुक्ला

**रायपुर।** न्यू शांति नगर निवासी प्रेमलता शुक्ला (74) का 30 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 जनवरी को सुबह 11 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे वरिष्ठ पत्रकार अभिजात शुक्ला एवं अवंतिका की माता थीं।



# पीएम श्री स्कूल होंगे ग्रीन जोन, वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड भी, अधिकारी करेंगे इनकी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत संचालित किए जा रहे 211 स्कूलों के लिए बजट की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। पीएम श्री योजना के लिए चयनित शालाओं में सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। भवन निर्माण के लिए जिला स्तर पर निर्माण एजेंसी निर्धारित कर निर्माण एजेंसियों को राशि हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री अर्थात प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा, जिसके तहत स्मार्ट क्लास, पुस्तकालए, खेल उपकरण, प्रयोगशाला आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें प्रारंभिक स्तर पर 193, सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्तर पर 18 शालाएं शामिल हैं। ये स्कूल आस-पास के स्कूलों में मेंटरशिप भी प्रदान करेंगे।

## प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूल संचालित

### आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता

स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा, पीएम श्री योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए 15 दिनों के भीतर आवश्यक राशि जारी करें और एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों की बैठक कर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक आपसी सामंजस्य बनाकर काम करें। आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूलों का स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बालवाड़ी में अध्यापन कर रहे शिक्षकों के मानदेय तत्काल भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए।



### खेल को भी दिया जाएगा महत्व

पीएम श्री योजना के तहत शुरू किए गए स्कूलों में वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था के कार्यक्रम, कॅरियर काउंसलिंग, वार्षिक शाला अनुदान, ग्रीन स्कूल, स्पोर्ट्स, योग, खेल शिक्षक प्रशिक्षण, सोशल एजूकेटर, समावेशी शिक्षा जैसी गतिविधियां भी होंगी। इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 2 बड़े बकायादारों की फर्म पर 15 लाख रुपए बकाया, सील किया तो तत्काल आरटीजीएस

# बकाया कर जमा करने में ढिलाई 17 संस्थाओं को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे ने बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व कर वसूलने जोनवार अभियान चलाया है। मंगलवार को अलग-अलग जोन में 17 बड़े बकायादारों के संस्थान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं 2 बड़े बकायादार के फर्म को सील करने पहुंची टीम को संबंधित फर्म संचालक ने तत्काल आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दिया।

- **पॉल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 17 लाख 32 हजार का कर बकाया, दुकान को किया सील**

नगर निगम के राजस्व विभाग की जोन टीमों ने 17 विभिन्न संस्थानों को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायादारों ने 33 लाख 95 हजार 430 रुपए का बकाया राजस्व का भुगतान स्पॉट पर किया। यह कार्रवाई 10 जोन में 79 लाख 81 हजार 519 रुपए के डिमांड नोटिस पर बकाया राशि वसूलने की गई।

वीर शिवाजी वार्ड के 4 स्थानों पर जोन 1 अमले ने बकाया कर वसूली करने कार्रवाई की। 2 जगहों को सील किया गया, 2 स्थानों पर बड़े बकायेदार ने तत्काल बकाये की राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 23 हजार की बकाया राशि का भुगतान किया।

### शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर की 4 दुकानें सील

जोन 2 के राजस्व विभाग टीम ने शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर में अभियान चलाकर वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक के बड़े बकायेदार की 11 दुकानों में कार्रवाई की। इस दौरान 4 दुकानों को सील किया गया, अन्य 7 बकायेदारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 50 हजार 156 रुपए का तत्काल भुगतान किया। जोन 3 के कालीमाता वार्ड स्थित बड़े बकायादार न्यू छत्तीसगढ़ किरायेदार के वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 तक डेढ़ लाख से ज्यादा के बकाया कर भुगतान नहीं करने पर संस्थान को सीलबंद करने कार्रवाई की गई।



### इन संस्थानों पर भी सीलबंदी

जोन 9 की टीम ने 2 वार्ड में 2016-17 से 2023-24 तक के 15 लाख 11 हजार रुपए के बड़े बकायेदार मेसर्स नैक्सेस देवकॉन प्रा. लि., तरुण मरवाह, विजय मरवाह एवं साहू कांप्लेक्स के 3 दुकानदार के संस्थानों में बकाया कर अदा नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। जोन 10 अमले ने 2 बड़े बकायादारों से संबंधित फर्मो में बकाया राजस्व वसूलने सीलबंदी की कार्यवाही करने गए, इस दौरान दोनों बड़े बकायादारों ने 15 लाख 20 हजार रुपए का आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा।



### माधवराव सप्रे वार्ड में डेयरी मालिक का संस्थान सील

जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने माधवराव सप्रे वार्ड में बड़े बकायेदार व डेयरी मालिक महेंद्र यादव के संस्थान पर सीलबंदी की कार्रवाई की। यह कार्रवाई 2015-16 से 2023-24 तक के 4 लाख 75 हजार 274 रुपए बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर की गई।

### मोतीबाग कांप्लेक्स की 4 दुकानें सील

मोतीबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक के बकायेदार गंगा सागर मिश्रा दुकान नंबर 47, शिव प्रसाद दुकान नंबर 48, विवेक गुप्ता दुकान नंबर 49, बलराम गुप्ता दुकान नंबर 50 पर सीलबंदी की कार्रवाई बकाया कर के भुगतान में कोताही पर की गई। जोन 5 की टीम भक्त कर्मा वार्ड क्षेत्र स्थित संस्थान के बड़े बकायेदार पर 4 लाख 77 हजार की बकाया राशि जमा नहीं करने पर संस्थान में सीलबंदी करने पहुंची, इस दौरान संबंधित बड़े बकायेदार ने निगम को सम्पूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर स्वयं को सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा। ईश्वरीचरण चरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र में 17 लाख 32 हजार रुपए के बड़े बकायेदार पाल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर अरविंदर सिंह के संस्थान को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की।

### वित्त मंत्री से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात



**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मंगलवार को उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. मणि ने वित्त मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें राज्य में नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। नाबार्ड की तरफ से श्री चौधरी को 2024-25 के स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. मणि ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबार्ड पहले जिला और फिर राज्य का क्रेडिट पोटेंशियल बताता है। इससे कृषि, लघु एवं मध्यम उद्योग समेत अन्य प्रायोरिटी सेक्टर के प्रयोजनों के लिए राज्य को नाबार्ड से ऋण मिलने में मदद मिलती है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नाबार्ड के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वो विकसित भारत के संबंध में एक विस्तृत योजना बनाएं तथा उन्नत कृषि के लिए प्रत्येक जिले की ग्राउंड लेवल प्लानिंग करे ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके और युवाओं का कृषि के प्रति रुझान बढ़े।

### कंपनी प्रबंधक को ज्ञापन सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन

**रायपुर।** उरला औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी के विरुद्ध कंपनी गेट के सामने सोमवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों के तादाद में लोग शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अजय चकोले ने छत्तीसगढ़ में काम करने वाले मजदूर भाई-बहनों का लगातार शोषण कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जानकारी को संज्ञान में लेते हुए कंपनी को धरने के माध्यम से चेताया व कंपनी प्रबंधन को पत्र भी दिया। कंपनी मजदूरों को श्रम कानून अधिनियम के तहत भुगतान करें, सुरक्षा उपकरण कामगारों को दें, यदि कंपनी नहीं करती है तो पार्टी न्यायालय के शरण में जाएगी। ज्ञात हो कि विगत दिनों मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं देने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई थी। धरना प्रदर्शन में चंदू तांडी, फरीद कुरैशी, लालबहादुर यादव, संदीप पाल, सुशील विश्वकर्मा, प्रिया शर्मा आदि शामिल थे।

## डगनिया, डीडीनगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्र में सफाई में कोताही बरतने वाले दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर निगम अमले ने 10,600 रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सड़क यातायात बाधित किए जाने पर फटकार लगाई गई। जन शिकायत के आधार पर जोन कमिश्नर सुशील चौधरी ने औचक निरीक्षण में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों से जुर्माना वसूला।

- **बाजार क्षेत्र में मिली गंदगी, सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया**

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने 10 जोन के कमिश्नरों को निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्रों में प्राप्त जनशिकायतों की वस्तुस्थिति जानने 14 दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।



### दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया

निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित 14 भिन्न दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया, साथ ही सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया गया। जोन कमिश्नर ने संबंधित दुकानों के संचालकों को सफाई व्यवस्था तत्काल सुधारने और भविष्य में सड़क यातायात बाधित नहीं किये जाने के निर्देश देते हुए इन दुकानदारों से 10,600 रुपये का जुर्माना वसूला।

## लभांडी और फुंडहर में पानी टंकी बनाई, अब राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने फंड खत्म

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लभांडी और फुंडहर की नई पानी टंकी से हजारों लोगों को इस गर्मी में पानी मिलना मुश्किल है। अमृत मिशन के तहत मिली राशि से नगर निगम ने अनुबंधित ठेकेदार से फुंडहर की नई पानी टंकी बनवाई, पर राइजिंग डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन सहित स्काडा सिस्टम के लिए पैसा नहीं है। वहीं लभांडी में पानी टंकी का निर्माण बाटम स्लैब तक ही हो पाया है, बाकी का काम करान पंद्रहवें वित्त आयोग से 40 करोड़ की राशि मांगी गई है। इसकी स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है।

- **पंद्रहवें वित्त आयोग से नहीं मिली 40 करोड़ की राशि**

राजधानी में अमृत मिशन के तहत शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में बन रही पानी टंकी का काम फंड की कमी से अटक गया है। लभांडी में 25 लाख किलोलीटर क्षमता की नई पानी टंकी आधी अधूरी ही बन पाई है।



पंद्रहवें वित्त आयोग से राशि नहीं मिलने के कारण राइजिंग लाइन बिछाने और लोगों के घरों तक इंटर कनेक्शन का काम नहीं हो पा रहा है। यही नहीं, जल आपूर्ति की निगरानी के लिए स्कॉडा सिस्टम विकसित करने अहम कार्य इससे प्रभावित है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है, अमृत मिशन के तहत नगर निगम में शामिल 7 गांवों में नई पानी टंकी स्थापित कर लोगों के घरों तक नलों से पानी पहुंचाने के कार्य की स्वीकृति उन्होंने पहले ही ले ही है।

### नहीं मिले 40 करोड़

फुंडहर और लभांडी में नई पानी टंकी निर्माण और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन कार्य सहित स्काडा सिस्टम के लिए 40 करोड़ की मांग की गई है। पंद्रहवें वित्त आयोग से यह राशि अब तक नगर निगम को नहीं मिली है।

*- अंशुल शर्मा, नोडल अधिकारी, अमृत मिशन योजना*

### फुंडहर में 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी तैयार

फुंडहर बस्ती के दोनों तरफ 4 हजार लोगों के घर पहली बार नलों से पानी पहुंचाने नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत 20 लाख किलोलीटर की नई पानी टंकी बनवाई है। टंकी की रंगाई पोताई का काम पूरा हो गया है, पर पेयजल वितरण के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन के लिए पैसा खत्म होने के कारण काम अटक गया है। वार्ड पार्षद धनेश बंजारे ने आधे अधूरे काम को जल्द पूरा कराने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है, पर स्वीकृत राशि नहीं मिलने से पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो पाया।

## बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण करने में पार्षद दे रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में आ रही सर्वर डाउन सहित अन्य तरह की दिक्कत को देखते हुए पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने अनूठा तरीका अपनाया है। वे अपने वार्ड के ऐसे बुजुर्गों तक पहुंच रहे हैं, जिन्हें मोबाइल चलाने में दिक्कत होती है या फिर जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनके घर जाकर वार्ड पार्षद राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में सहयोग देने आगे आए हैं।

- **जो चल-फिर नहीं सकते, मोबाइल चलाने में दिक्कत वाले वरिष्ठजनों को दे रहे सहयोग**

मंगलवार को पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में मदद की। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है। यह उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है। इसलिए प्रतिदिन वे 10 से 15 बुजुर्ग के घर जाकर राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए मदद प्रारंभ किए हैं। वार्ड में कई ऐसे परिवार हैं, जहां काफी बुजुर्ग हैं, जो चल-फिर नहीं सकते हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जिनके पास मोबाइल नहीं है, कुछ ऐसे भी हैं, जो अकेले ही घर पर रहते हैं। उनके घर जाकर उनका राशनकार्ड नवीनीकरण करने में मदद कर रहे हैं, ताकि वरिष्ठजनों को कोई परेशानी न हो।



## पेज 11 के शेष ...

### मुख्यमंत्री ने कहा- छत्तीसगढ़...

जवान शहीद हो गए, जब कि 14 जवान घायल हुए हैं। घायल हुए 8 जवानों को बेहतर चिकित्सा के लिए रायपुर लाया गया है और यहां के नारायणा और बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायल जवानों का इलाज मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में जारी है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में शहीद हुए तीन जवानों की शहादत को नमन किया है। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### केंद्रीय मूल्यांकन के लिए...

में ही कॉपियों के मूल्यांकन का निर्णय लिया गया। इसके लिए दूसरे राज्यों के मूल्यांकनकर्ताओं से भी संपर्क किया गया। इनमें से कई ने आने से इनकार कर दिया तो कुछ ने जवाब ही नहीं दिया। गौरतलब है कि 2003 तक रविवि में केंद्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था थी।

### दो डिग्री तक चढ़ा...

तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री अधिक दर्ज किया गया। सरगुजा संभाग में भी पारा दस डिग्री के करीब पहुंच चुका है, जिसकी वजह से वहां भी ठंड कम हो चुकी है। अगले दो दिन तक तापमान में वृद्धि होने, फिर ठहराव के बाद बढ़ोतरी का क्रम जारी रहने की संभावना है।

### एयरपोर्ट के फूड जोन...

सिक्योरिटी एरिया और चेक इन काउंटर के समीप ही चाय-बिस्किट अथवा पैक खाद्य पदार्थ मिल पा रहा है। कोरोना के पहले टर्मिनल भवन के भीतर करीब दो दर्जन दुकानों का संचालन किया जाता था, जिनमें कई फूड जोन और बड़ी कंपनियों के रिटेल शॉप मौजूद थे। महामारी के दौरान होने वाले नुकसान का हवाला देकर संबंधित कंपनी ने अपना हाथ खींच लिया था। तब से लेकर अब तक वहां की बंद दुकानों को पुनः खुलवाने के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन के कई प्रयास नाकाम साबित हुए हैं और टेंडर जारी करने की प्रक्रिया पूरी करते हुए एयरपोर्ट के दो डायरेक्टर भी बदल चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक काफी कोशिशों के बाद कुछ समय पहले टर्मिनल के भीतर फूड जोन संचालित करने के लिए एक एजेंसी को वर्क आर्डर जारी किया जा चुका है, मगर टर्मिनल के भीतर काउंटर बनाने की जगह को लेकर ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी का क्लीयरेंस नहीं मिलने की वजह से मामला अटका पड़ा है। एयरपोर्ट संचालक एसडी शर्मा का कहना है कि आने वाली दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके बाद फूड जोन का संचालन प्रारंभ किया जा सकेगा।

### बगैर मान्यता स्कूल...

नेता विकास तिवारी ने इसकी शिकायत की थी। उस वक्त कृष्णा पब्लिक स्कूल के एक दर्जन से अधिक ब्रांच को नोटिस दिया गया था। केवल तीन ब्रांच की अनुमति लेकर दर्जनभर से अधिक स्कूलों में कक्षा संचालन को लेकर जवाब मांगा गया था।


**क्रेता सावधान**

जिला रायपुर अंतर्गत ग्राम सरोना, प.ह. सरोना, तहसील रायपुर की भूमि खसरा क्र. 307/2, रकबा 0.275 हे. एवं खसरा क्र. 318/19, रकबा 0.009 हे. बाबत दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में अधिवक्ता श्री संजय यादव जी द्वारा प्रकाशित आम सूचना दिनांकित 24.01.2024 के संदर्भ में हर आम-खास व व्यक्ति विशेष, जो उपरोक्त भूमियों में रूचि रखते हों, कृपया मेरे पक्षकार की ओर से निम्नानुसार सूचित होवें

उक्त भूमियों की विवादित चतुर्सीमा के संबंध में दैनिक समाचार पत्र 'हरिभूमि एवं पत्रिका' में प्रकाशित आम सूचना दिनांकित 09.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करें। ग्राम सरोना के शासकीय राजस्व नक्शे में भूमि खसरा क्र. 318/5 के नक्शा प्लाट में कराए गए फेरफार व परिवर्तन को माननीय न्यायालय आयुक्त, संभाग रायपुर द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह भूमि खसरा क्र. 318/19 का सीमांकन प्रकरण क्र. 202101114500024 वर्ष 2020-2021 भी खारिज हो चुका है। उक्त भूमियों की वर्तमान विवादित स्थिति के संबंध में पंजीयक कार्यालय, जिला रायपुर में भी अभिलेखीय आपत्ति दिनांकित 12.01.2024 प्रस्तुत की जा चुकी है जो उक्त कार्यालय में रसीद क्र. 6 / 103, दिनांक 15.01.2024 पर दर्ज है। वर्तमान में, भूमि खसरा क्र. 318/19 के मूल खसरा क्र. 318 /5 के नक्शा विवाद का न्यायालयीन प्रकरण क्र. 202304940300001 माननीय रेवेन्यू बोर्ड छ.ग. के समक्ष अभी भी लंबित है।

संदर्भित भूमियों की उपरोक्तानुसार विवादित स्थितियों की सम्यक जानकारी संभावित क्रेता या हितबद्ध पक्षकार अभिलेखों का परीक्षण करके या व्यक्तिगत रूप से मेरे कार्यालय में संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं। उक्त भूमियों के संबंध में भूमिस्वामी और अनाम क्रेता की ओर से एक ही अधिवक्ता द्वारा प्रकाशन कराया जाने से भी सभी पक्षों को सम्यक संसूचना होना स्पष्ट है परन्तु फिर भी क्रेता सावधान नियम के अनुरूप यह प्रकाशन सम्यक रूप से कराया गया है।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 30.01.2024

भवदीय
जतिन्दर सिंग सैन्सरी (अधिवक्ता)
कार्या. / निवास म.नं. बी-13, मैत्री विहार,
गोलछा पार्क के सामने, महावीर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 90096-35904

## खबर संक्षेप



### रूस गणराज्य से ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी रायपुर पहुंचीं

**रायपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स कराने के लिए रूस से ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी रायपुर आई हुई हैं। वे विगत 34 वर्षों से रूस में अपनी सेवाएं दे रही हैं। विमानतल पर उनका स्वागत रायपुर केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। इसके बाद शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में तिलक और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी और ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने किया। रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में किया जा रहा है। विषय रखा है निर्विघ्न योगी जीवन। उद्घाटन सत्र में ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी ने कहा कि जब हम अपना तन, मन, धन, समय और संकल्प ईश्वर को समर्पित कर देते हैं, तब उनसे योग लगाना सहज हो जाता है। हमारा योग यथार्थ योग है। योग से हमें शांति और एकाग्रता की प्राप्ति होती है। खुशी मिलती है।

### समस्त उपनिषदों का सार है भागवत : पं. शास्त्री



**रायपुर।** स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा के लिए वृंदावन से पधारे पं. अखिलेश शास्त्री ने कहा कि भागवत समस्त



उपनिषदों का सार है। गायत्री मंत्र का सार, वेदों का अर्थ प्रकाशक है भागवत। महर्षि व्यास कहते हैं कि भागवत जीवन का ग्रंथ है, मनुष्य क्यों जीवित रहता है, तत्व-जिज्ञासा के लिए हर नर जीवित रहता है, मानव-मन में परमात्मा की ललक जगे, इसलिए मानव जीवित रहता है। जिस प्रकार बालक के मन में मां को प्राप्त करने की तड़पन होती है, यदि वैसी ही तड़पन हमारे मन में भगवान को प्राप्त करने के लिए हो तो उसी को तत्व जिज्ञासा कहते है। भक्त के जीवन में जब भगवदीय आनंद आता है तो वह आनंद के अतिरेक में उन्मत्त हो जाता है।

### सहारा भुगतान को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** सहारा पीड़ित जमाकर्ता, कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनय सिंह राजपूत और प्रदेश महासचिव ओंकार नाथ ताम्रकार सहित सदस्यों ने बताया कि रायपुर, दुर्ग और सराईपाली के साथ अधिकांश जिला में सहारा के भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और कहा कि भुगतान नहीं होने की स्थिति में सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयारी सहारा के निवेशकों द्वारा की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में विमल जैन, टेकू साहू, भरत रोहरा, पंकज, रविंद्र, रोहित, विकास आदि शामिल थे।

# देश के आठ फीसदी कुष्ठ रोगी छत्तीसगढ़ से संबंधित, चार साल में रोग मुक्त करने विभागीय दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुष्ठ की प्रभाव दर 7.72 प्रतिशत से घटकर 2.29 तक आ चुकी है और अगले चार साल में राज्य को रोग मुक्त करने के विभागीय दावे किए जा रहे हैं। देश के आठ फीसदी कुष्ठ रोगी छत्तीसगढ़ से संबंधित हैं, जिन्हें निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। सर्जरी के चरणबद्ध अभियान के माध्यम से सालभर में कुष्ठ विकृति मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के दावे किए जा रहे हैं। निर्माण के पहले राज्य में कुष्ठ प्रभाव दर 7.72 हुआ करता था, इसकी रोकथाम के लिए विभिन्न तरीके से चलाए गए अभियान के बाद प्रभाव दर में काफी गिरावट आ चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक कुष्ठ मरीजों की पहचान के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक राज्य में 6000 कुष्ठ प्रभावितों की पहचान कर उन्हें निशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। रायपुर जिले में कुष्ठ प्रभावित पंजीकृत मरीजों की संख्या 777 है। इनमें 63 मरीज पीबी और 714 मरीज कुष्ठ के एमबी श्रेणी के मरीज हैं। अधिकारियों का दावा है कि पहले देश के 30 प्रतिशत से अधिक कुष्ठ प्रभावित मरीज छत्तीसगढ़ से होते थे, मगर अब स्थिति बदल चुकी है। छत्तीसगढ़ से अधिक कुष्ठ प्रभावित झारखंड और महाराष्ट्र में सामने आ रहे हैं। देश में हर साल मिलने वाले औसतन 1.13 लाख मरीजों में केवल सात से आठ हजार मरीज छत्तीसगढ़ के संबंधित हैं। इन मरीजों की पहचान कर उन्हें श्रेणी के आधार पर छह माह और सालभर तक दवा की खुराक निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

## 7.72 से घटकर 2.29 प्रतिशत तक आ चुकी राज्य में कुष्ठ प्रभाव दर

### रोकथाम के लिए कैप्सूल

सूत्रों के मुताबिक कुष्ठ का विस्तार का ना हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नए मरीजों की पहचान के बाद उनेक क्लोज कांटेक्ट में रहने वाले मरीजों को आवश्यक दवा का सेवन कराया जा रहा है। इसके लिए राज्यभर में करीबन आठ लाख केप्सूल का वितरण किया गया है। कुष्ठ मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता के साथ मितानिनो की भी मदद ली जा रही है।

### मध्य इलाके में ज्यादा केस

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कुष्ठ प्रभावितों की संख्या छत्तीसगढ़ के मध्य इलाकों में अधिक है। रायपुर के अलावा दुर्ग, महासमुंद, रायगढ़, सारंगढ़ सहित आसपास के जिलों में इसकी अधिकता अधिक है। यहां नए मरीजों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से अभियान चलाया जा रहा है।



### लगातार चला रहे अभियान

कुष्ठ प्रभावितों की पहचान कर उनके इलाज के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। राज्य में कुष्ठ के प्रभाव दर में काफी कमी आ चुकी है।

- **डॉ. जीतेन्द्र कुमार,** राज्य कार्यक्रम अधिकारी (कुष्ठ)

## खम्हारडीह थाना क्षेत्र में कार टकराने के बाद हुआ था विवाद

# अपार्टमेंट में तोड़फोड़ कर युवक पर जानलेवा हमला, पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पुलिस ने निकाला जुलूस

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह इलाके में स्थित विरासत अपार्टमेंट के अंदर घुसकर एक युवक पर जानलेवा हमला एवं तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी आरोपियों को सबक सिखाने और लोगों में गुंडागर्दी का खौफ खत्म करने के उद्देश्य से पुलिस ने उनका जुलूस भी निकाला।

खम्हारडीह इलाके में 26 जनवरी की रात करीब 11.25 बजे प्रार्थी संतोष जैन तेलीबांधा होते हुए खम्हारडीह विरासत अपार्टमेंट स्थित कार से अपने घर ला रहा था। इसी दौरान अवंति विहार के मेन रोड जैतखंब के पास विपरीत दिशा से आ रही कार से उसकी कार टकरा गई। इस घटना के दौरान दूसरी कार में सवार दो लड़कों का आपस में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों लड़के कार से टकराने की बात पर संतोष को जान से मारने की धमकी देकर विवाद करने लगे। विवाद के बाद जब संतोष कार से अपार्टमेंट स्थित घर पहुंचा तो उसके पीछे-पीछे आरोपी भी अपने साथ अन्य 7-8 लड़कों को लेकर पहुंच गए। सभी डंडा-रॉड एवं धारदार हथियार से लैस थे। आरोपी पहले ईंट और पत्थर से संतोष की कार पर हमला कर उसका कांच तोड़ दिए। इसके बाद अपार्टमेंट में उत्पात मचाते हुए रॉड व डंडे से संतोष पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपी अतीब बाउला, इकरार खान, शमीम अहमद, अराफत कुरैशी एवं मो. साहिल मनिहार को गिरफ्तार किया है, जिनके विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 307, 120बी, 294, 506, 323 भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### अपराध करना पाप है कानून हमारा बाप है

पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने से पहले उनका जुलूस निकाला। इस दौरान आरोपियों से अपराध करना पाप है, कानून हमारा बाप है, के नारे भी लगवाए गए।

# सत्ता में आते ही वादा भूली भाजपा, हेल्थ फेडरेशन की कल इमरजेंसी मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान मांग पूरी करने का वादा करने वाले भाजपा नेता सत्ता में आने के बाद इसे भूल गए। मांग तो दूर, स्वास्थ्य कर्मचारियों को हड़ताल अवधि का वेतन और चिकित्सकों को उच्च शिक्षा का अध्ययन अवकाश अब तक मंजूर नहीं किया गया है।

- मांग तो दूर हड़ताल अवधि का वेतन, अध्ययन अवकाश नहीं दिया गया

इससे नाराज हेल्थ फेडरेशन द्वारा इमरजेंसी मीटिंग कर आंदोलन की रणनीति बनाने की तैयारी में है। हेल्थ फेडरेशन के पदाधिकारी डॉ. इकबाल हुसैन ने बताया कि फेडरेशन के तहत चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य विभाग से जुड़े विभिन्न घटकों द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल की गई थी। इस दौरान भाजपा के नेताओं ने धरनास्थल पर आकर उनकी मांगों को समर्थन दिया था और वादा किया था कि सरकार बनने के बाद उनकी मांगों को पूरा किया जाएगा, मगर अब तक इस पर किसी तरह का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि एस्मा के दौरान उनके साथ ही अन्य विभाग के कर्मचारियों ने भी अलग-अलग प्रदर्शन किया था। हड़ताल की अवधि के वेतन का उन्हें भुगतान किया जा चुका है, मगर स्वास्थ्य सेवा से जुड़े कर्मचारियों का वेतन अटका दिया गया है। हेल्थ फेडरेशन के अधिकारियों का कहना है कि भाजपा नेताओं द्वारा किया गया वादा सरकारी कागजों में उतरता दिखाई नहीं दे रहा है। इन सब की वजह से स्वास्थ्य सेवा से जुड़े चिकित्सकों, नर्सों और स्वास्थ्य संयोजकों में काफी निराशा और आक्रोश पनपता जा रहा है। इसे लेकर एक फरवरी गुरुवार को आपातकाल में पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है। बैठक के बाद इस मसले पर मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मुलाकात की जाएगी। इस दौरान मांगों पर किसी तरह का ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

### अगले माह आचार संहिता

हेल्थ फेडरेशन से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि फरवरी में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता कभी भी लग सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल अवधि के वेतन स्वीकृति की एनओसी तत्काल रूप से प्रदान की जानी चाहिए। अधिकारियों ने सभी नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य संयोजकों चिकित्सकों को आगे रणनीति के लिए तैयार रहने कहा है।

## नहीं मिलने वाले इंजेक्शन की पर्ची, कलेक्टर से जिम्मेदार डाक्टर पर कार्रवाई की मांग



**रायपुर।** प्रदेश सहित कई राज्यों में नहीं मिलने वाला इंजेक्शन लाने महिला के परिजनों को पर्ची थमाने वाले आंबेडकर अस्पताल के डाक्टर पर कार्रवाई की मांग उठने लगी है। युवा कांग्रेस ने कलेक्टर गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपकर मेकाहारा सहित तमाम शासकीय अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। दो दिन पहले आंबेडकर अस्पताल के एमआईसीयू में 45 वर्षीय अनिता शर्मा की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में परिजनों ने चिकित्सा स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया था। परिजनों को थायरायड में उपयोग होने वाली वह लियोथ्रोक्सिन नामक इंजेक्शन लाने की पर्ची थमा दी गई थी, जो छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में उपलब्ध नहीं है। उनका आरोप है, महिला की स्थिति गंभीर होने के बाद भी बिना शिफ्ट किए बिगड़े वेंटिलेटर को ठीक करवाने का प्रयास किया गया।

### विभागीय जवाब का इंतजार

इधर मामले में आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन एमआईसीयू से संबंधित विभाग से मामले में जवाब का इंतजार कर रहा है। इस प्रकरण में घटना से संबंधित विभिन्न जानकारी मांगी गई है। इसके साथ ही यह भी पूछा गया है कि अति दुर्लभ इंजेक्शन लाने की सलाह आखिर किस डाक्टर ने मरीज के परिजनों को दी थी।

## फेडरेशन का सरगुजा में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, सीएम साय होंगे मुख्य अतिथि

**रायपुर।** सरगुजा में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के आमंत्रण को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सहमति दी है। कर्मचारियों के मुद्दों पर फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर नीतिगत पक्ष रखा है। उन्होंने बताया कि भाजपा की घोषणापत्र समिति के संयोजक विजय बघेल सांसद से मिलकर कर्मचारी जगत के अपेक्षित मुद्दों का ज्ञापन फेडरेशन ने दिया था। मोदी की गारंटी प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादे में शामिल की गई थी। फेडरेशन ने कर्मचारी जगत के लिये मोदी की गारंटी लागू करने की मांग की है। फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन ने सोमवार को देर रात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें सरगुजा में होने वाले सम्मेलन का आमंत्रण दिया। उन्होंने कर्मचारियों के मांगों के संबंध में जानकारी दी कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 1 जुलाई 23 की देय तिथि से मूलवेतन का 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। फेडरेशन का कहना है कि मोदी की गारंटी में प्रदेश के कर्मचारियों के लिए प्रमुख वादों में, सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता देने का उल्लेख है। महंगाई भत्ता के लंबित एरियर्स की राशि को कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने का उल्लेख है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को फेडरेशन के आंदोलनों के कारण ही अनेक मुद्दों का संतोषजनक समाधान हुआ है। अभी बहुत से मुद्दे लंबित हैं।







## बिजनेस साइट

# ब्लेस्ड होम में सजावटी व घरेलू सामान पर फ्लेट 50% तक छूट

**रायपुर।** घर की सजावटी एवं घरेलू सामानों के आकर्षक व विशाल रेंज के लिए ब्लेस्ड होम ही लोगों की पहली पसंद है। यहां ग्राहकों को क्रॉकरी, गिफ्ट्स व घरेलू सामानों की खरीदारी में क्वालिटी के साथ, समय-समय पर डिस्काउंट ऑफर का फायदा मिलता है। ब्लेस्ड होम के शोरूम में फ्लेट 50% तक के एमआरपी पर बिना किसी शर्तों के ऑफर ने ग्राहकों को लुभाया है। 26 से 30 जनवरी तक चलने वाले इस ऑफर को ग्राहकों का अच्छा रिस्पांस देखकर उन्हें ज्यादा समय तक लाभ देने के उद्देश्य से यह ऑफर 6 फरवरी तक बढ़ाया गया है। इसी तरह विनोद किचन वेयर व बोरोसिल अप्लायसेंस पर भी एमआरपी पर 30% डिस्काउंट भी ग्राहकों के लिए फायदे का सौदा है। तीसरे ऑफर में डिनर सेट के ब्रांड्स ला ओ पा ला, बोरोसिल की संपूर्ण रेंज लूट लो ऑफर में बाय-1 गेट-1 फ्री ग्राहकों की भारी भीड़ खींच रहा है। ब्लेस्ड होम के शानदार ऑफर्स की बढ़ी हुई 6 फरवरी तक की तारीख से न केवल रायपुर शहर, बल्कि आसपास के स्थानों से भी लोग आकर्षित हो रहे हैं।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 31 जनवरी 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



04



लॉस एंजलिस में फैशन परेड


## एजूकेशन अपडेट

## सहायक शिक्षक पद के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग 1 से

**रायपुर।** शिक्षक सीधी भर्ती के अंतर्गत सहायक शिक्षक पद के लिए अभ्यर्थियों की तृतीय चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग एक फरवरी दोपहर 12 बजे से 3 फरवरी संध्या 5 बजे तक स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in/ में प्रारंभ की जा रही है। उक्त काउंसिलिंग में व्यापम की परीक्षा परिणाम के अनुसार सहायक शिक्षक पद के कटऑफ रैंक की विस्तृत जानकारी विभाग के पोर्टल https://eduportal.cg.nic.in/ पर देखी जा सकती है। शालाओं के आबंटन के बाद अभ्यर्थियों के दस्तावेज का सत्यापन आबंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति रहने कहा गया है। दस्तावेज सत्यापन तिथि की सूचना अभ्यर्थियों के लॉग-इन आईडी तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पृथक से प्रदान की जाएगी।

### पीएससी ने जारी किए प्रवेश पत्र

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली मुख्य परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के अंतर्गत प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित की जाएगी। जबकि मुख्य परीक्षा 13 से 16 जून 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन बीते वर्ष दिसंबर में मंगाए गए थे।

## आईटीआई में मेहमान प्रवक्ता के लिए आवेदन पत्र 13 तक

**रायपुर।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता पद के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। नोडल अधिकारी सौरभ व्योमेश साय ने बताया, योग्य एवं निर्धारित अर्हता रखने वाले इच्छुक अभ्यर्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर में निर्धारित प्रारूप में स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक से 13 फरवरी को शाम 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रारूप वेबसाइट www.raipur.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

### इन पदों के लिए मांगे आवेदन

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सड्डू में स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी), कारपेंटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, टर्नर, विद्युतकार के 1-1 पद तथा स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के 2 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आरंग में फिटर के 1 पद एवं दाउ चंद्रभान सिंह सिरमौर, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तिल्दा-नेवरा में वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 1 पद तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, माना कैंप रायपुर में फिटर, मैकेनिक डीजल, विद्युतकार, टर्नर, स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) के 1-1 पद तथा वेल्डर के 2 पद और वर्कशॉप कैल्कुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 1 पद तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, तोरला में कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 1 पद एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, खोरपा में कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के 1 पद पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## स्मार्ट रीडिंग रूम की सदस्यता के लिए कल से शुरू होगी अर्जी

**रायपुर।** मोतीबाग में बनाया गया स्मार्ट रीडिंग रूम जल्द ही शुरू होगा। इसकी सदस्यता के लिए आवेदन एक फरवरी से शुरू होंगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जो युवा स्मार्ट रीडिंग रूम मोतीबाग में सदस्य बनना चाहते हैं, वे नालंदा परिसर लाइब्रेरी एवं सेंट्रल लाइब्रेरी से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। बैठक में नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। यहां युवाओं को प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी भी ली गई।



### 24 घंटे खुली रहेगी लाइब्रेरी

उल्लेखनीय है कि मोतीबाग में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट रीडिंग रूम बनाया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए इसे विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह लाइब्रेरी भी नालंदा परिसर लाईब्रेरी की तरह 24x7 संचालित होगी। जी प्लस टू में निर्माणाधीन इस लाइब्रेरी में 600 युवाओं के लिए एक साथ बैठने की व्यवस्था है। पूर्णतः वातानुकूलित इस लाइब्रेरी में कम्प्यूटर सिस्टम, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी किताबें, फ्री वाईफाई के साथ-साथ अत्याधुनिक सिक्योरिटी सिस्टम सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

# दो माह में तैयार होती है तनछुई जामावार साड़ी चांदी पर सोने का केमिकल, चमक वर्षों तक

## मेहंदी में दर्शाया आदिवासी जीवन, मराठी वेशभूषा में लावणी नृत्य



### लकड़ी के बुरादे से बनी आकर्षक मूर्तियां

एक स्टॉल संचालक दिलीप गुप्ता ने बताया, लकड़ी के बुरादे से होम डेकोरेटिव वस्तुओं को तैयार किया जाता है। दुकान में सभी हैंडमेड वस्तुओं को रखा गया है। यदि कीमतों की बात की जाए तो 150 रुपए से 2000 तक की वस्तुएं उपलब्ध हैं। दुकान में हाथी, बुद्धा, लॉफिंग गुड्डा, श्रीगणेश, श्रीकृष्ण, राम-सीता व लक्ष्मण की मूर्तियां उपलब्ध हैं। इसे तैयार करने में एक से दो दिन का समय लगता हैं। हम बीते 16 वर्ष से लगातार मूर्तियां बना रहे हैं।

स्वदेशी मेले में मंगलवार को मेहंदी की खुशबू बिखरी। विविध प्रतियोगिताओं के अंतर्गत यहां मेहंदी प्रतियोगिता रखी गई। रतियोगिता के दौरान भगवान श्रीराम, माता सीता, आदिवासी जीवन, फूल भरी मेहंदी, दुल्हन मेहंदी लगाई गई। आदिवासी जीवन की झलक इसमें देखने को मिली। इसके अलावा मराठी वेशभूषा में पेश किए गए लावणी नृत्य भी शानदार रहा।









### जीवनशैली बिगाड़ रहा मोबाइल

जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी जागरण मंच ने मोबाइल की लत से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है, विषय पर परिचर्चा रखी। इसमें मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. पारुल खरे व काउंसलर डॉ. वर्षा वरवंडकर ने समाज की युवा पीढ़ी को मोबाइल के दुष्प्रभाव से जीवनशैली, शारीरिक क्षमता, अध्ययन क्षमता में कमी आने व जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव से दूर रहने के बारे में क्रमबद्ध जानकारी दी।

### ज्वेलरी में प्रदेश की संस्कृति की झलक

एक स्टॉल संचालक शुभा मिश्रा ने बताया, हमारी दुकान पर छत्तीसगढ़ी ज्वेलरी उपलब्ध है, जिसे धान, जूट, बांस, मिट्टी, कौड़ी आदि सामग्री से तैयार किया गया है। हैंडमेड ज्वेलरी में ईयर रिंग, कमरपट्टी, चोकर, माथ बिंदिया स्टाल पर उपलब्ध है। यहां 20 रुपए से एक हजार रुपए तक की वस्तुएं दुकान में रखी गई हैं। दुकान में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक सूपा की आकृति में ज्वेलरी तैयार की गई है, जो खरीदारों के बीच आकर्षण का केंद्र है।



**रायपुर।** सोनार बांग्ला समाज के सदस्यों ने भी पारंपरिक परिधानों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। महाराष्ट्र का लोकप्रिय नृत्य लावणी व बंगाल का पारंपरिक नृत्य देखने रात तक दर्शकों की भीड़ बनी रही।

### 80 हजार का हैंडमेड डायनिंग टेबल

दुकान संचालक व सहारनपुर निवासी अजीम मलिक ने बताया, हमारे दुकान में घरेलू उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध हैं। मेले में बीते 8 साल से लगातार दुकान लगाई जा रही है। यहां सोफा, डायनिंग टेबल, चूड़ी व गहने रखने के बॉक्स, किताब व अगरबत्ती स्टैंड, कुर्सी, पार्टीशन आदि वस्तुएं उपलब्ध हैं। दुकान में सबसे महंगी वस्तु हैंडमेड डायनिंग टेबल है, जिसे सहारनपुर के कारीगरों ने एक माह से अधिक समय में तैयार किया है। इसकी कीमत 80 हजार रुपए है। दुकान में रखी वस्तुओं को शीशम की लकड़ी से तैयार किया गया है। दुकान में 40 रुपए से लेकर हजारों रुपए तक की वस्तुएं कई वैरायटी में उपलब्ध हैं।

### दो से तीन बुनकर करते हैं तैयार

मेले में टेसू और बनारसी साड़ी भी खूब पसंद की जा रही है। बुनकर दीपक का कहना है कि तनछुई जामावार साड़ी को डेढ़ से दो माह में तैयार किया जाता है। इसमें चांदी की जरी पर सोने के केमिकल का प्रयोग किया गया है, जिससे आकर्षण बढ़ जाता है। कारीगर बताते हैं कि लंबे समय तक उपयोग करने पर भी इसकी चमक कम नहीं होती। एक साड़ी को दो से तीन बुनकर मिलकर तैयार करते हैं। इसकी कीमत करीब 35 हजार रुपए है। मेले में कांजीवरम साड़ी में कई प्रकार की सिल्क साड़ियां मौजूद हैं। बुनकर श्रीकांत ने बताया, कांजीवरम साड़ी खासकर अभिनेत्री रेखा पहनना पसंद करती हैं। इन साड़ियों की मांग देशभर में है, इसलिए ऑनलाइन में भी इसकी बिक्री अधिक है।







# केस बेस्ड स्टडी से समझाया, महत्वपूर्ण है कोविड के बाद फंगल इंफेक्शन कंट्रोल

**रायपुर।** एम्स में कोविड-19 के बाद विभिन्न प्रकार के फंगल इंफेक्शन की जानकारी देने के लिए राष्ट्रीय सेमिनार और कार्यशाला रखी गई है। इसमें मुख्य रूप से फंगल इंफेक्शन और इसके प्रबंधन पर देशभर के प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देश और प्रदेश में फंगस से होने वाले संक्रमण और विभिन्न बीमारियों, इनके नियंत्रण और उपचार पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। इसमें फंगल इंफेक्शन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्यों की जानकारी चिकित्सकों और इंफेक्शन कंट्रोल से जुड़े अन्य व्यक्तियों को दी जा रही है।



### देशभर के 40 माइक्रोबायोलॉजिस्ट हुए शामिल

प्रथम दिवस पर कार्यशाला में केस बेस्ड स्टडी के आधार पर फंगल इंफेक्शन के विभिन्न प्रकार के बारे में चिकित्सकों को जानकारी दी गई। विशेषज्ञों का कहना था कि कोविड महामारी के बाद म्यूकरमाइकोसिस, एस्परजीलोसिस, कैंडीडियासिस और यिस्ट मोल्ड्स जैसे इंफेक्शन को पहचानने और उपचार में पेशेवर माइक्रोबायोलॉजिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पहले दिन कार्यशाला में डॉ.टी. करूणा, प्रो. अर्चना केचे और डॉ. राकेश गुप्ता ने फंगल इंफेक्शन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो. अनुदिता भार्गव के निर्देशन में किया जा रहा है। इसमें देशभर के 40 से अधिक माइक्रोबायोलॉजिस्ट प्रतिभागिता कर रहे हैं।

# एनआईटी छात्रों को 50 लाख से अधिक के पैकेज, यूट्यूब से सीखी कोडिंग

**रायपुर।** एनआईटी छात्र इंटू-इट, डीईशॉ व लिंकडिन समेत आर्सिशियम जैसी कंपनी में ऑफर पाने में कामयाब रहे। प्रथम गांधी को लिंकडिन पर साइट रिलायबिलिटी इंजीनियर के रूप में 62 लाख का ऑफर मिला है। उन्होंने कॉलेज के तीसरे वर्ष के बाद लिंकडिन में इंटर्नशिप की, जिसके बाद कंपनी की तरफ से उन्हें प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला। उन्होंने कॉलेज के प्रथम वर्ष से ही इंटर्नशिप की तैयारी शुरू कर दी थी। इसके अलावा आर्यन पालकर को डी.ई.शॉ द्वारा क्वाड्रेटिव टेस्टिंग एंड इंजीनियरिंग के अंतर्गत 52 लाख की सीटीसी के साथ प्री प्लेसमेंट ऑफर दिया गया है। आर्यन ने अपने स्नातक के पहले वर्ष से ही प्रोग्रामिंग भाषा सीखनी शुरू कर दी थी और कोडफोर्सेस और कोडशेफ जैसे कोडिंग प्लेटफार्म में कॉम्पिटेटिव कोडिंग करने लगे।

### जावा प्रोग्रामिंग में दिलचस्पी

एशले माओ ने प्लेसमेंट ड्राइव में सॉफ्टवेयर डेवलेपमेंट इंजीनियर के रूप में प्री प्लेसमेंट पर 44.9 लाख का ऑफर मिला है। उन्होंने बताया कि इंटूइट में इंटर्नशिप के दौरान एक हैकथॉन का आयोजन किया गया था। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान लीटकोड के माध्यम से डेटा स्ट्रक्चर्स और एल्गोरिद्म को बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय दिया। यूट्यूब चैनलों की सहायता ली। पलक सिंह ने आर्सिशियम में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर के रूप में 42 एलपीए सीटीसी का ऑफर मिला है। कोडिंग और डेवलपमेंट में पहले वर्ष से ही गहरी रुचि दिखाई और जावा प्रोग्रामिंग भाषा में कोडशेफ और लीटकोड जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से कोडिंग कौशल को निखारा। इसी आधार पर उन्हें यह ऑफर मिला है।

## उत्कृष्ट खेती के लिए कृषि विवि ने नरसिंह और निरंजन को किया सम्मानित

# किसानी करने छोड़ी सरकारी नौकरी, अपनाई मिश्रित खेती 10 एकड़ में सब्जियों की फसल, 2 लाख से अधिक कमाई

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** लोगों के बीच यह अवधारणा बन चुकी है कि कम जगह पर खेती करने से किसान को नुकसान होता है। शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने इस अवधारणा को उत्कृष्ट खेती से बदलकर रख दिया है। किसान नरसिंह राठौर और निरंजन जांगड़े 4 से 5 एकड़ खेत पर मिश्रित खेती कर अपनी आय सालभर में 2 लाख से अधिक कर चुके हैं। इस कार्य के लिए इंदिरा गांधी कृषि विवि ने किसानों को सम्मानित किया है। बातचीत में निरंजन ने बताया कि 2003 से 2018 तक सरकारी विभाग में रहे। पारिवारिक कारणों से जब घर आना पड़ा तो मैंने किसानी शुरू की। घर में 5 एकड़ खेती थी, अधिक लाभ के लिए मिश्रित खेती को चुना। धान के साथ-साथ मौसमी सब्जियों की खेती करने लगा। इसका अच्छा लाभ बाजार में मिलने लगा। वर्तमान में एक सब्जी की खेती से 20 से 25 हजार मिल जाते हैं। एक साथ 5 से 6 भाजी व अन्य सब्जियों की खेती करते हैं।



### इंटरनेट से समझे खेती के तौर-तरीके

किसान निरंजन का कहना है कि किसानी करने का ज्यादा ज्ञान नहीं था। आधुनिक खेती के लिए कृषि विवि के साथ इंटरनेट से भी मिश्रित खेती के तौर-तरीके समझने का प्रयास किया। छोटे किसानों के लिए मिश्रित खेती बेहद लाभकारी है। किसान ने बताया कि कृषि विवि के मदद से मुरुम जैसी जमीन पर खेती की और सब्जियों का अच्छा उत्पादन मिला। आमतौर पर गांव के मैदानी क्षेत्रों में जमीन कठोर होने से खेती नहीं हो पाती, लेकिन आधुनिक खेती से यह संभव हो पाया। छत्तीसगढ़ में ऐसा प्रयोग पहली बार देखा गया है।

### बढ़ गई मिट्टी की उर्वरक शक्ति

परसदा में नरसिंह राठौर मिश्रित फसल की खेती के लिए जाने जाते हैं। मिश्रित फसलों की खेती की वजह से क्षेत्र में उन्होंने एक अलग पहचान बनाई है। वे मिश्रित फसलों में केला, टमाटर, बैंगन, मिर्च व कद्दू आदि की खेती करते हैं। लगभग चार एकड़ में मिश्रित खेती का अभिनव प्रयोग किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोग से छोटे व्यापारियों को बाजार में सब्जियों की अच्छी कीमत मिल जाती है। मिश्रित खेती से किसानों की आय बढ़ती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कृषि उत्पादों को बेचकर किसानों को अधिक पैसा मिल सकता है। मिश्रित खेती से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, जिससे मृदा अपरदन को रोका जा सकता है।



एजुकेशन अपडेट

## तारीखों को लेकर सजग रहें छात्र इतिहास में तिथि-वार का महत्व




**रायपुर।** वार्षिक परीक्षा नजदीक होने के साथ ही बच्चे अपनी पढ़ाई को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं हो चुकी हैं। ऐसे में छात्रों का पूरा ध्यान सैद्धांतिक परीक्षाओं की तैयारी पर है। दसवीं कक्षा के छात्रों को सामाजिक विज्ञान विषय में इतिहास, भूगोल जैसे विषयों की पढ़ाई करनी होती है, जिसके संबंध में ज्ञानाश्रय नर्सरी स्कूल के संचालक विजय हिशीकर ने विषय संबंधित कई जानकारियां दीं।

- इतिहास में दिन व साल का विशेष महत्व होता है। किसी व्यक्ति विशेष की जानकारी बताते वक्त शुरुआत से अंत तक यदि तारीख को महत्व दिया जाए, तो अच्छे अंक हासिल किए जा सकते हैं।
- प्रश्नों के उत्तर लिखते समय छोटे अंक वाले उत्तर पहले लिखें।
- प्रश्नों को क्रमबद्ध लिखें, जिससे आप अपने उत्तर को अच्छे से प्रस्तुत कर सकेंगे।
- अधिक अंक वाले प्रश्नों को लिखते समय शुद्ध, साफ व स्पष्ट लिखें।
- विभिन्न देशों, महासागरों से संबंधित जानकारी का उल्लेख अपने उत्तर में करें।
- सामाजिक विज्ञान में अधिक लिखने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए प्रत्येक दिन तेजी से लिखने का प्रयास करें।
- भूगोल व इतिहास विषय में कई महत्वपूर्ण तारीखें व जानकारियां याद करनी होती हैं, ऐसे में नोट्स तैयार कर पढ़ें।
- रिवीजन करने के साथ ही अधिक से अधिक प्रोफेसर्स के रिसर्च को पढ़ें व उत्तर में लिखें।

● प्रोजेक्ट और नोट्स तैयार करने के लिए भी इंटरनेट की शरण में बच्चे

# सर्च इंजन में ऑटो मोड ऑफ करवा रहे पैरेंट्स वजह-बच्चों में घट रहा शब्द व वर्तनी का ज्ञान

"आधुनिकता के इस दौर में लगातार नई तकनीक के उपयोग से रोजमर्रा के काम जहां आसान हो गए हैं, वहीं कई तरह की नई मुश्किलें भी इसके कारण उत्पन्न हुई है। बच्चों में स्पेलिंग और मात्रा भूलने की समस्या को देखते हुए पालक अब कंप्यूटर अथवा फोन की सेटिंग में जाकर सर्च बॉक्स के ऑटो मोड अथवा ऑटो कंप्लीट सर्च को ऑफ करने लगे हैं। कुछ इसके लिए एक्सपर्ट की मदद ले रहे हैं तो कुछ खुद ही इस तरह की सेटिंग कर रहे हैं।






मनोचिकित्सकों का कहना- सीखने की क्षमता हो रही कम

**लिखने-बोलने और पढ़ने की आदत जरूरी**

मनोचिकित्सक डॉ. मनीषा मिश्रा ने बताया, वर्तमान में व्यक्ति नई तकनीक के प्रभाव में रहने लगा है। बच्चों को विद्यालय में प्रोजेक्ट व होमवर्क के लिए इंटरनेट का उपयोग करने को कहा जाता है, जो उनके लिए हानिकारक है। इस वजह से बच्चों में पढ़ने की आदत बहुत कम हो गई है। 8 से 10 साल के बच्चों पर इंटरनेट का अधिक प्रभाव पड़ रहा है, जिसका मुख्य कारण एकल परिवार भी है। कक्षा पांचवीं तक के बच्चों को नेट का उपयोग करने न दें, बच्चों में नई एक्टिविटीज की क्षमता कम होती जा रही है। अक्षर, शब्द व वाक्यों का ज्ञान बच्चों में नहीं है।

**रायपुर।** सर्च इंजन में जाकर कुछ ढूंढने पर शुरुआती अक्षर टाइप करते ही उससे संबंधित विकल्प दिखाए जाने लगते हैं। इससे पूरा शब्द अथवा वाक्य लिखने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके कारण बच्चों की लिखने की क्षमता समाप्त होते जा रही है तथा शब्द व वर्तनी का ज्ञान छात्रों को पूर्व की तरह नहीं रहा है।

वहीं शहर के मनोचिकित्सकों का कहना है कि इस तरह लत सिर्फ बच्चों में नहीं बल्कि बड़ों में भी दिखाई दे रही है। स्पेलिंग और वर्तनी का उनका ज्ञान पहले की तरह नहीं रहा है। प्रोजेक्ट बनाने से लेकर नोट्स तैयार करने तक के लिए इंटरनेट की मदद ली जा रही है। किताब पढ़ने और हाथ से लिखने की आदत अब सिमटते जा रही है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों की सीखने की क्षमता पर पड़ रहा है। ना सिर्फ बच्चे बल्कि बड़ों की क्षमता भी कम हो रही है। उन्हें चाहिए कि सर्च इंजन में शुरुआती अक्षर टाइप करने के बाद आने वाले विकल्प पर टाइप करने के स्थान पर पूरा अक्षर अथवा वाक्य लिखें।

### धैर्य हो रहा है खत्म

मनोचिकित्सक पूर्वा जैन ने कहा, बच्चों संग बड़ों के स्वभाव में बदलाव बदलाव के साथ धैर्य खत्म होता जा रहा है। अक्सर माता-पिता अपनी सुविधा के लिए बच्चों को फोन उपयोग के लिए देते हैं। वर्तमान में बच्चों के साथ अभिभावकों में भी धैर्य नहीं है। हमारे पास कई माता-पिता आते हैं, जिनकी समस्या बच्चों का बदलता व्यवहार होती है। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु का लंबे समय से उपयोग करे और अचानक उसे वह न मिले तो वह चिड़चिड़ा हो जाता है। 16 साल तक के बच्चों को फोन या इंटरनेट का उपयोग करने न दें। समय-सूची के अनुसार काम करने की आदत बनाएं।

### किताबों में ढूंढें हल

मनोचिकित्सक डॉ. इला गुप्ता ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए कई तरह की जानकारी दी। उन्होंने कहा, मोबाइल या इंटरनेट एडिक्शन वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति को है। यदि स्कूली बच्चों में यह लत बनी हुई है तो परिजनों को उनके लेखन शैली पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों को पढ़ाई के दौरान अधिक से अधिक किताबें पढ़ने व उत्तर लिखने को कहें। घर में माता-पिता के साथ बड़ों में भी यह एडिक्शन बना हुआ है। इससे निजात पाने के लिए किसी प्रश्न के उत्तर को नेट पर सर्च करने के बजाय किताबों में खोजना उचित रहेगा।

कैंपस लाइव

## फिनलैंड शिक्षा में सबसे आगे छोटे बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान



**रायपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होने वाली है। शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को नवाचार अपनाना होगा। उक्त बातें रविवि के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल ने कही। वे विकास शिक्षा महाविद्यालय में बीएड छात्रों को संबोधित कर रहे थे। यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षकों की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। बीएड छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। महंत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी, महात्मा गांधी कॉलेज के संचालक सिद्धार्थ दास एवं प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.सुरेश शुक्ला उपस्थित रहे।

### अन्य विषयों पर भी दें ध्यान

कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए कहा, शिक्षकों को अपने विषय के अतिरिक्त अन्य विषयों पर ध्यान देना होगा। इसका उदाहरण देते हुए बताया कि पूरे विश्व में फिनलैंड देश की शिक्षा अग्रणी मानी जाती है जहां 10 वर्ष तक के बच्चों को स्कूल जाने की बजाय व्यवहारिक रूप से जानकारी दी जाती है। मशीनों से अवगत कराया जाता है। मूलभूत कार्य सिखाए जाते हैं। हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी बहुत ही विचार-विमर्श के बाद लागू की जा रही है, जो देश की उन्नति की ओर ले जाएगी।

## नए से अधिक पुराने गीतों पर गायन, झूम उठा कॉलेज कैंपस



Bघर मोरे परदेशिया.., इश्क सूफियाना.., जब कोई बात बिगड़ जाए...जैसे कई सुमधुर गानों पर छात्र-छात्राओं ने अपनी संगीत कला की प्रस्तुति दी। श्री रावतपुरा सरकार विवि में आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम 'आरोहण' में यह नजारा देखने को मिला। कॉलेज लाइफ में कई छात्रों की यह पहली प्रस्तुति रही। विद्यार्थी दर्शकों की तालियों से प्रोत्साहन मिलने पर गाते हुए झूमते नजर आए। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जहां समूह से अधिक एकल गायन करते विद्यार्थी नजर आए। छात्रों ने नए गानों से अधिक पुराने लोकप्रिय गीतों पर प्रस्तुति दी।



### तीरंदाजी में दिखाया हुनर

गायन, नाटक, नृत्य, रंगोली व तीरंदाजी सहित विभिन्न तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया है। विद्यार्थियों ने तीरंदाजी में भी अपना हुनर दिखाया। साप्ताहिक कार्यक्रम के दौरान विवि में दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। मंगलवार को एकल व समूह गीत, नॉकआउट क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, कैरम, म्यूजिक इवेंट व नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान विजेताओं को प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया। एकल व ग्रुप गीत प्रतियोगिता में छात्रों ने 25 से अधिक गीतों पर प्रस्तुति दी। इस दौरान कुलपति प्रो. एसके सिंह, कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, विद्यार्थी व प्रोफेसर्स उपस्थित रहे।

## प्रस्तुतियों में संजोए मनोभाव

**जेएन पांडेय विद्यालय में वार्षिकोत्सव, सम्मानित हुए पूर्व छात्र**

**रायपुर।** जेएन पांडेय स्कूल में मंगलवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण सहित कई तरह के आयोजन इस दौरान हुए। प्रस्तुतियों के जरिए अपने मनोभाव छात्रों ने पेश किए। राम-सीता की झांकी ने सबको श्रद्धा भाव से भर दिया। हनुमान का रूप धरे छात्र ने भी सबकी वाह-वाही बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रहे। इस दौरान विद्यालय से पढ़ाई करके निकले और वर्तमान में विभिन्न पदों पर कार्यरत पूर्व विद्यार्थी भी सम्मानित हुए। इनमें संजीव शुक्ला सहित अन्य शामिल रहे। अतिथियों ने छात्रों को वार्षिक परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



### विज्ञान मॉडल में समस्याओं के हल

वार्षिकोत्सव में छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई। इस प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि छात्रों ने घर की अनुपयोगी वस्तुओं से ही कई बेहतरीन मॉडल तैयार किए। इन मॉडल के माध्यम से छात्रों ने रोजमर्रा के जीवन की समस्याओं के हल बताए। छात्रों की खोज और उनकी प्रस्तुति का तरीका देखकर सभी प्रभावित नजर आए। अधिकतर छात्रों का फोकस इस बात पर था कि उनके शोध से अधिक से अधिक पर्यावरण संरक्षण किया जा सके।

सोशल इवेंट

## रैली निकालकर दी कुष्ठ रोग की जानकारी, दिलाई शपथ



**रायपुर।** महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शासकीय कुष्ठ धाम एवं चिकित्सालय द्वारा कुष्ठ जागरूकता रैली निकाली गई। स्वामी आत्मानंद स्कूल मोवा के स्काउट गाइड और एनसीसी कैडेट्स इसमें शामिल हुए। स्पर्श कुष्ठ जागरूकता रैली के माध्यम से छात्रों ने रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। रैली के पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा महात्मा गांधी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं शपथ ग्रहण किया गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में यह रैली निकाली गई। डॉ.श्वेता सोनवानी, डॉ.राखी चौहान, आरएन सरकार, अशोक घोष, कविता जघेंल सहित अन्य शामिल हुए।

### 'सत्य की खोज' कल से

वैदिक सत्संग समिति, पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान मंच के संयुक्त तत्वधान में सत्य की खोज नामक आध्यात्मिक कार्यक्रम एक फरवरी को वृंदावन हॉल में आरंभ होगा। यह कार्यक्रम प्रातः 10 से 1 बजे एवं शाम 6 से 8 बजे तक होगा। कार्यक्रम का समापन 2 फरवरी को रात्रि 8 बजे होगा। चार सत्रों में सत्य की खोज के विषय में स्वामी विवेकानंद परिव्राजक जन मानस की शंकाओं का समाधान करेंगे। आयोजन मंडल के प्रमुख राकेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया, सुमधुर भजन उपदेशक भक्तिमय भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम कर्म, फल, रहस्य, पाप, पुण्य, ईश्वर की उपासना व स्वरूप आदि आध्यात्मिक विषयों पर केंद्रित होगा।

**वर्तमान केंद्र सरकार का अंतरिम बजट कल, मध्यमवर्ग को सर्वाधिक उम्मीदें**

# महंगाई से जूझ रहे मध्यमवर्ग को राहत की आस, गृहणियों को सस्ता राशन तो व्यापारियों को चाहिए टैक्स-लोन में छूट

कार्नर न्यूज

रायपुर। केंद्र सरकार का अंतरिम बजट कल पेश किया जाएगा। कुछ माह बाद लोकसभा चुनाव हैं। इसे देखते हुए एक बड़ा वर्ग बजट से राहत की उम्मीद लगाए हुए हैं। महंगाई की मार झेल रहीं महिलाओं को राशन का बजट कम होने की उम्मीद है तो वहीं व्यापारी वर्ग भी व्यवसाय में बेहतरी के लिए छूट चाह रहा है। बजट के पूर्व हमने विभिन्न सेक्टर के लोगों से बात कर जाना की क्या हैं बजट से उनकी उम्मीदें।

### जीएसटी में मिले छूट



केंद्र सरकार के बजट से व्यापारियों को काफी उम्मीद है। सरकार को जीएसटी में छूट देनी चाहिए। वर्तमान में इस वजह से छोटे व बड़े व्यापारी परेशान है। इसके अलावा जीएसटी रिटर्न न भरने की स्थिति में पेनाल्टी पर रोक लगानी चाहिए। कई बार व्यापारियों से भी गलती हो जाती है। महंगाई बढ़ गई है, ऐसे में इनकम टैक्स का दायरा भी बढ़ना चाहिए। - **चंदर विधानी**, व्यापरी, रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ संरक्षक

### आसान हो लोन प्रक्रिया



अगर केंद्र सरकार टैक्स को कम करती है, तो आम आदमी पर बोझ कम हो जाएगा। लोन की प्रकिया को आसान करने की आवश्यकता है, ताकि व्यापारियों को मदद मिल सके। देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। रोजगार के नए रास्ते बने। युवाओं को स्टॉर्टअप शुरू करने सरकार मदद करने नई योजना बनाएं और व्यापार शुरू करने राशि प्रदान करे। - **विमल बाफना**, व्यापारी महासचिव, महादेव घाट रोड व्यापारी संघ

### आम आदमी को मिले लाभ



बजट से छोटे और बड़े व्यापारियों को लाभ मिले। इस बजट से आम आदमी की समस्या दूर हो और व्यापार के क्षेत्र में विस्तार हो। शिक्षा, चिकित्सा और रेलवे व किसानों के युवाओं पर पर आधारित बजट होना चाहिए। पेट्रोल से लेकर जीएससटी में छूट मिलने से सभी वर्ग को लाभ मिल सकेगा। - **दीपक केसरी**, व्यापारी

### मध्मवर्ग पर सर्वाधिक प्रभाव



बजट का प्रभाव मेरे अनुसार मध्यमवर्ग पर सबसे अधिक पड़ता है। बीते कुछ सालों से मकान टैक्स, सिलेंडर व राशन की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कुछ साल पहले राशन जहां दो हजार तक का खरीदते थे, उस पर अब वर्तमान समय में 7 से 10 हजार तक खर्च हो जाता है।
- **रचना सिंह**, विकास विहार

### वस्तुओं के दाम में हो कमी



घरेलू महिलाओं को वेतन के हिसाब से घर का बजट तय करना होता है। सबसे अधिक खर्च ग्रॉसरी पर होता है। प्रत्येक मध्यमवर्गीय परिवार के लिए भोजन का सामान महत्वपूर्ण है। समय के साथ-साथ लगातार कीमतों में इजाफा होता जा रहा है। अंतिम बजट के दौरान हमारी सरकार से उम्मीद रहेगी कि वह मध्यमवर्गीय परिवार के हित में वस्तुओं के दामों में कमी करे।
- **प्रीति दास मिश्र**, प्रोफेसर कॉलोनी

### सस्ते इलाज की हो व्यवस्था



इस वर्ष होने आने बजट के लिए हम काफी उत्साहित हैं। केंद्र सरकार के बजट में महंगाई की समस्या व बोझ से मध्यम वर्ग के परिवारों को थोड़ी राहत मिलेगी, इसकी उम्मीद है। भोजन के साथ बदलते स्वास्थ्य के कारण लोगों का काफी खर्च हो जाता है। इसके लिए कम खर्च में उत्तम इलाज की उम्मीद केंद्र सरकार से कर रहे हैं।
- **डॉ. रुपाली चौधरी**, देवेंद्र नगर

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय तलवारबाज़ी में नेताम सिस्टर को रजत और कांस्य



**रायपुर।** असम के गुवाहाटी में चल रही 34वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवार बाज़ी प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिला टीम के फॉयल इवेंट के व्यक्तिगत मुकाबले में छत्तीसगढ़ राज्य की भिलाई की नेताम सिस्टर्स ने फॉयल इवेंट में रजत पदक और कांस्य पदक में कब्जा जमाया। बड़ी बहन दिव्यांशु नेताम ने अपने टॉप 64 मुकाबले में बोरा देविका असम को एकतरफा मुकाबले में 15–4 से शिकस्त दी, टॉप 32 मुकाबले में आई के श्रीरक्षा कर्नाटक को 15–10 से हारकर अंतिम 16 में जगह बनाई, अंतिम 16 में मणिपुर की सोनिया देवी को 15–9 से जीत दर्ज कर क्वाटर फायनल में प्रवेश किया जहां दिव्यांशु ने महाराष्ट्र की लोहिया वैदेही को 15–9 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया सेमिफायनल में देहली की चार्वी को नज़दीकी मुकाबले में 15–13से जीतकर अपने विजयी रथ को स्वर्ण पदक के नजदीक ले गई पर फायनल मुकाबले में तमिलनाडू की एस जे आशिथा ने दिव्यांशु के विजय रथ को 11–15 पर रोक दिया और राज्य के लिए रजत पदक ही प्राप्त हो सकीं। छोटी बहन दीपांशी नेताम ने इसी इवेंट फॉयल में अपने विजयी अभियान में टॉप 64 के ड्रा में पंजाब की कियरमीत पर 15–5 से एकतरफा जीत दर्ज की टॉप 32 में मणिपुर की फमडोम अनिता को नज़दीकी मुकाबले में 15–14 से जीतकर अंतिम 16 में जगह बनाई यहां दीपांशी ने केरला की कांगनालक्ष्मी को 15–9 से हारकर क्वाटर फायनल में प्रवेश किया और हरियाणा की कानुप्रिया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 15–14 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई पर तमिलनाडू की जोयस अनिता से 15–11 से मुकाबला हार गई और कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। टीम के प्रशिक्षक श्री जानसन सोलोमन हैं। इस उपलब्धि पर राज्य फेंसिंग के महासचिव श्री बशीर अहमद खान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अजीत सिंह पटेल, संयुक्त सचिव श्री अखिलेश दुबे, निखिल झंभुलकर, उपाध्यक्ष श्री कमल रुपरेला ने बधाई दी है।

### राष्ट्रीय शालेय योगासन में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** 67 वीं राष्ट्रीय शालेय योगासन प्रतियोगिता (14 वर्ष बालक/बालिका) 31 जनवरी से 4 फरवरी 2024 तक केंद्रीय विद्यालय क्र. 1, जयपुर, राजस्थान में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने 6 बालक, 6 बालिका एवं 3 ऑफिशियल्स सहित छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय प्रतियोगिता में करने के लिए योगासन टीम रवाना हुई। टीम में अंडर 14 बालक इवेंट, पारंपरिक योगासन में समर्थ पाध्ये, जितेंद्र वर्मा, यश, साहिल जंघेल और ऋतिक पटेल, इवेंट लयात्मक में अनमोल सिंह,इवेंट कलात्मक में यश, अंडर 14 बालिका इवेंट में पारंपरिक योगासन में अर्पिता दत्ता, पायल निर्मलकर, रागिनी चौहान, दीक्षा शुक्ला और लुकेश्वरी, इवेंट लयात्मक में अर्पिता दत्ता, इवेंट कलात्मक में प्रियंका बांधे शामिल हैं। इस टीम के दल प्रबंधक नूरेंद्र कुम्हार एवं बालक कोच मोहित साहू एवं बालिका कोच दुर्गा कुम्हार हैं। शा.उ.मा.शाला, भनपुरी, के प्रधान पाठक सी.एल. सोनवानी ने स्टेशन पहुंचकर टीम को शुभकामनाएं प्रेषित की।

### राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्राफी क्रिकेट में ड्रॉ रहा मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की मेजबानी में सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्राफी 2023 का आयोजन 23 जनवरी से किया जा रहा है। इस आयोजन में सेन्ट्रल जोन की 6 टीमें छत्तीसगढ़,उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा विदर्भ हिस्सा लेंगी। ग्रुप ए में छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच 29-30 जनवरी को राजस्थान के विरुद्ध आर डी सी ए मैदान,रायपुर में खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।राजस्थान ने बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 58.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 200 रन बनाये। राजस्थान की ओर से वशिष्ठ शर्मा ने 44 रन तथा दर्शन ने 43 रन बनायें।छत्तीसगढ़ की ओर से आयुष द्विवेदी ने 4 विकेट तथा लवकेश यादव ने 3 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 66 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाये। छत्तीसगढ़ के लिये पियुश चंद्रा ने 22 रन बनाये। राजस्थान की ओर से प्रत्युश सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। अंतिम दिन की समाप्ति तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 31 ओवरों में 3 विकेट खोकर 137 रन बनाये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ।

#### आपको शरीर को चाहिए भरपूर पोषक तत्व, रखें इसका ध्यान

# तंत्रिकाओं से लेकर हार्ट-बीट को ठीक रखने जरूरी है पोटैशियम, कितनी हो इसकी मात्रा?

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए आहार का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे भोजन में वो सारी चीजें होनी चाहिए जिससे शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति हो सके। आहार की पौष्टिकता में सुधार करके कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। शरीर के तमाम कार्यों के लिए पोटैशियम बहुत आवश्यक तत्व माना जाता है, क्या आपके आहार में इसकी मात्रा है? संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए पोटैशियम एक अति आवश्यक पोषक तत्व है। ये तंत्रिकाओं को स्वस्थ रखने से लेकर हार्ट-बीट ठीक रखने, ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने, मांसपेशियों में लचीलेपन को बनाए रखने में सहायक है। इसकी शरीर में कमी हो जाए तो कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



### पोटैशियम कई प्रकार से शरीर के लिए जरूरी

आहार विशेषज्ञ बताते हैं, पोटैशियम शरीर के लिए महत्वपूर्ण खनिजों में से एक है। यह शरीर में तरल पदार्थ को नियंत्रित करने, तंत्रिका संकेत भेजने और मांसपेशियों के संकुचन को नियंत्रित करने में मदद करता है। शरीर में लगभग 98% पोटैशियम आपकी कोशिकाओं में पाया जाता है। ये खनिज, तंत्रिका तंत्र के कार्यों के लिए बहुत जरूरी है।

### किन चीजों का करें सेवन?

आहार की कई चीजें पोटैशियम से भरपूर होती हैं। सूखे फल (किशमिश, खुबानी) सेम, दाल, आलू, पालक, ब्रोकली और एवोकाडो के सेवन से शरीर के लिए आसानी से पोटैशियम की पूर्ति की जा सकती है। डेयरी उत्पाद और हरी पत्तेदार सब्जियों के सेवन से आसानी से ये पोषक तत्व प्राप्त हो सकता है।

### कितनी मात्रा जरूरी

डाइटिशियन बताते हैं, शरीर के लिए 3,400mg पोटैशियम की मात्रा पर्याप्त हो सकती है। आहार के माध्यम से आसानी से इसकी पूर्ति कर सकते हैं। पशुओं और प्लांट बेस्ड दोनों प्रकार के आहार में पोटैशियम होता है। पौष्टिक चीजों की मात्रा बढ़ाकर शरीर के लिए दैनिक पोटैशियम आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि किन चीजों में ये अधिक मात्रा में पाया जाता है?

### हार्ट की समस्या और आर्थराइटिस से बचाव

पोटैशियम आपके हार्ट को ठीक से काम करते रखने के लिए भी आवश्यक तत्व है। हाई ब्लड प्रेशर को हार्ट के लिए सबसे समस्याकारक माना जाता है। पोटैशियम युक्त आहार, शरीर से अतिरिक्त सोडियम को निकालने में मदद करके रक्तचाप को कम करने में सहायक है। पोटैशियम की कमी से शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ने का खतरा हो सकता है। इसके साथ पोटैशियम को ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि पोटेशियम युक्त आहार मूत्र के माध्यम से अतिरिक्त कैल्शियम को बाहर निकलने से रोकने में सहायक है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिमों को कम कर सकते हैं।



#### पेमेंट आते ही उड़ जाती है सैलरी?

# इन उपायों से हो सकती है आपके पैसों की बचत

आज के इस महंगाई के दौर में खर्च मैनेज कर पैसों की बचत करना काफी मुश्किल टास्क है। हमारे हर महीने की कमाई से ज्यादा तो पैसे खर्च हो जाते हैं। कई बार खर्च का लेवल इतना बढ़ जाता है कि सैलरी आते ही कुछ ही दिनों में सारे पैसे खत्म हो जाते हैं। यही नहीं कभी-कभी तो हमें दूसरों से कर्ज लेने की भी जरुरत पड़ जाती है। ऐसे में जरुरी है कि आप अपने फिजूलखर्ची हैबिट को कंट्रोल करें और बचत को अहमियत दें। आर्थिक मामलों के जानकार सूरज सिंह गुर्जर बता रहे हैं मनी सेविंग और एक्स्ट्रा एक्पेंस को रोकने का सही तरीका।

### महीने की शुरुआत में बनाएं बजट

महीने की शुरुआत में बजट तैयार करने की आदत बनाएं। इससे आपको अधिक बचत करने में मदद मिलेगी और आप ज्यादा से ज्यादा सेविंग भी कर पाएंगे।



### 10-20% करें मार्केट में निवेश

एक्सपर्ट सूरज सिंह गुर्जर के अनुसार, पैसों की बचत करने का सबसे सही तरीका है मार्केट में निवेश करना। अगर आप अपनी सैलरी का 10-20% कहीं इंवेस्ट करते हैं तो ये पैसे आपको आगे काम ही आएंगे और फिजूलखर्ची हैबिट से भी छुटकारा मिलेगा।

### म्यूचुअल फंड शुरू करें

म्यूचुअल फंड शुरू कर भी आप अपने एक्स्ट्रा एक्सपेंस को कम कर सकते हैं। यहां हर महीने अपने आप खाते से पैसे कट हो जाएंगे। इससे लंबे समय तक पैसे सेव रहेंगे और खर्च में भी सुधार आएगा।

### शॉपिंग पर करें कंट्रोल

आज कल ऑनलाइन सुविधा हो जाने से हम कभी कुछ भी ऑर्डर कर लेते हैं। लेकिन, इससे बचने की जरुरत है। कोशिश करें कि जो काम की चीज हो, उसी की खरीदारी(वर्क फ्रॉम होम जॉब टिप्स) करें। इस हैबिट से पैसों की बचत करने में मदद मिलेगी।

### शेयर बाजार की तकनीक सीखें

फालतू इधर-उधर खर्च करने से अच्छा है कि आप अपना पैसा और समय शेयर मार्केट को सीखने में लगाएं। इसे सीखकर आप इंवेस्टमेंट के बाद अच्छी रकम हासिल कर सकते हैं।

# बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा में पीली रेसिपीज करें शामिल



बसंत पंचमी के आगमन को वसंत ऋतु की शुरुआत के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। कुछ लोग वसंती पंचमी को देवी सरस्वती का जन्मदिन मानते हैं और शायद इसी कारण से इसे वागीश्वरी जयंती पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। इस साल बुधवार,14 फ़रवरी को बसंत पंचमी है। भारत के कुछ हिस्सों में बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती की पूजा की जाती है। इस दिन लोग हल्दी का लेप लगाते हैं, पीले रंग के कपड़े पहनते हैं और पीले रंग का खाना बनाते हैं। आप भी अगर बसंत पंचमी में स्वादिष्ट पकवान बनाने के बारे में सोच रहे हैं, तो इन रेसिपीज को जरूर बनाएं। जैसे नॉर्थ इंडिया में सूजी का हलवा बनता है, ठीक वैसे ही केसरी शीरा दक्षिण भारत में लोकप्रिय है। इसे सरस्वती पूजा के दिन खासतौर से बनाया जाता है।

### केसरी शीरा बनाने का तरीका

इसके लिए, सबसे पहले एक कड़ाही में 2 टेबलस्पून घी गर्म करें और धीमी आंच पर 10 काजू और किशमिश डालकर भून लें। जब काजू सुनहरे भूरे रंग के हो जाएं तो उन्हें हटाकर एक तरफ रख दें। अब उसी घी में रवा भून लीजिए। धीमी आंच पर 5 मिनट तक रवा भूनें। एक पतीले में पानी डालकर उसे उबलने दें। इस पानी को सूजी वाली कड़ाही में धीरे-धीरे डालकर हिलाते रहें। अब इसमें चीनी और केसर डालकर मिलाएं। चीनी घुलने तक शीरे को पकाएं। ध्यान रखें कि शीरे की कंसिस्टेंसी थोड़ी पतली होनी चाहिए। इसमें ऊपर से घी डालकर थोड़ा और मिलाएं और ढककर 2-3 मिनट पकाएं। आखिर में इसमें भुने हुए काजू, किशमिश और इलायची पाउडर डालकर मिक्स करें और सर्व करें। बसंत पंचमी के दिन पीली इडली भी साउथ इंडिया में बनाई जाती है। यह इडली खास इसिलए होती है, क्योंकि इसमें हल्दी पाउडर डालकर उसे पीला बनाया जाता है। केले के पत्तों पर इसे सांभर और चटनी के साथ सर्व किया जाता है।

### कांचीपुरम इडली बनाने का तरीका-

कच्चे चावल को पहले साफ करके और धोकर भिगोने के लिए रख दें। इसी के साथ, उड़द दाल और मेथी दाने को भी भिगो लें। अगले दिन पानी निथार लें और पके हुए चावल, कच्चे चावल, दाल और मेथी को ब्लेंडर में दरदरा पीस लें। अब अलग से पोहे को 10 मिनट के लिए आधा कप में भिगो लें। इसे 10 मिनट बाद, पीसकर एक मुलायम पेस्ट बना लें और इसे बैटर में मिला लें। एक पैन में घी गर्म करें और इसमें जीरा और करी पत्ता डालकर फूटने दें। जीरा भूरा हो जाए, तो आंच को बंद कर दें। इसमें अदरक का पाउडर और हींग डालकर मिलाएं। अच्छी तरह टॉस करें और बैटर में डालकर मिक्स करें। बैटर में नमक और हल्दी पाउडर डालकर सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें। पैन को ढक्कन से ढक दें और इसे 8-10 घंटे के लिए फर्मेंट होने के लिए रख दें। इडली फर्मेंट हो जाए, तो इडली कुकर में यह बैटर डालकर 20 मिनट तक भाप में पकाएं। इसे सांभर और चटनी के साथ सर्व करें।

# शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को दोबारा चढ़ा सकते हैं?

बेलपत्र जिसके बिना शिव पूजा अधूरी मानी गई है। हिंदू धर्म में इसकी विशेष महत्व है। बता दें कि हर कहीं बेलपत्र आसानी से नहीं मिल पाता है, खासकर शहरों में, बहुत से लोग बेलपत्र मिलने पर इकट्ठा कर उसे फ्रिज में लंबे समय से स्टोर करते हैं। ऐसे भी बहुत लोग हैं, जिन्हें बेलपत्र नहीं मिले वो क्या करें? ऐसे भी श्रद्धालु हैं, जब वे मंदिर जाते हैं या घर पर ही शिव लिंग की पूजा करते हैं, तो उनके मन में यह सवाल आता है कि क्या भगवान पर चढ़े हुए बेलपत्र को दोबारा से चढ़ा सकते हैं? बहुत से लोगों के इस सवाल को देखते हुए हमने अपने पंडित जी से इसके बारे में पूछा है, चलिए जान लेते हैं कि पंडित जी ने क्या कहा है।

**क्या बेलपत्र को दोबारा चढ़ाया जा सकता है?:** आचार्य शिवम पाठक जी ने बताया कि शिवपुराण के अनुसार बेलपत्र के तीनों पत्तों में ब्रह्मा, विष्णु और



शिव इन त्रिदेव का वास होता है और बेलपत्र का कण-कण पवित्र पते में से एक है। इसलिए इस दिव्य और दैवीय पत्र को भगवान शिव में एक या दो नहीं बल्कि हजार बार भी चढ़ाकर फिर से चढ़ाया जा सकता है।

**चढ़े हुए बेलपत्र को कैसे चढ़ाएं?:** शिवलिंग पर चढ़े हुए बेलपत्र को यदि दोबारा चढ़ाना चाह रहे हैं, तो उसे शिवलिंगसे सम्मानपूर्वक उतारकर शुद्ध पानी में धो लें और उसके तीनों पत्तों में चंदन कुमकुम का टीका लगाएं। आप चाहें, तो सीताराम भी लिख सकते हैं और प्रेमपुर्वक शिवलिंग में बेलपत्र को चढ़ाएं।

**शिवलिंग पर कितना बेलपत्र चढ़ाना चाहिए?** शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने की विधि के अलावा लोगों के मन में यह भी सवाल आता है कि आखिर कितनी बेलपत्रशिवजी को चढ़ाना चाहिए। बता दें कि आपके पास जितना भी बेलपत्र हो उतना चढ़ा सकते हैं, लेकिन एक, तीन, पांच, सात और ग्यारह के क्रम में बेलपत्र चढ़ाते हैं, तो ज्यादा अच्छा है।

**बेलपत्र कब तक बासी नहीं होता?** बेलपत्र वो शुद्ध और पवित्र पत्ता है, जो कभी मलीन और बासी नहीं होता है। शिवपुराण के अनुसार जब तक बेलपत्र हरा भरा है और कहीं से कटा-फटा नहीं है, तब तक वह शिव जी को चढ़ाने लायक है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 7067183593 6263818152

राजगुरु ज्योतिष रायपुर
एक ही मुलाकात में अद्भुत चमत्कार (100 प्रतिशत गारंटी)
₹100 फीस
जन्म पत्रिका,गृह कलेश, संतान योग, सास बहू में झगड़ा, टूटे संबंध जोड़ना, मनचाहा प्यार, पति पत्नी अनबन, शत्रुनाश, लव प्रॉब्लम, सौतन से परेशान, तलाक प्रेम विवाह, खोया प्यार वापस, वशीकरण, भूमि लाभ
सभी बात गुप्त रहेंगी जीवन की A to Z समस्याओं का निवारण के लिये कॉल करें। 8889131176
ब्राम्हणपारा, आजाद चौक, रायपुर (छ.ग.)

मानसरोवर
होलसेल डिपो
AC COMFORTER सिंगल बेड ₹ 325/- से
AC COMFORTER डबल बेड ₹ 445/- से
मानसरोवर, संतकवर राम चौक, कटोरा तलब, रायपुर 78800-02708
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर 78800-02711, 78800-02704
(GST APPLICABLE)

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

MATTRESS (गद्दा) 8" बोडेट + मेमोरी फोम 8 साल गैरंटी लग्जरी गद्दा
सिर्फ 19999/- डबल बेड
6 इंच इस्प्रीग गद्दा 14999/-5 साल गैरंटी
संजय रूई भंडार 1 नंबर गेट के सामने, कार पार्किंग मैदान, पंडरी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर 9827976266, 7987918262

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### टेलर की डीपफेक तस्वीर पर सीईओ सत्या नडेला ने आखिर तोड़ी चुप्पी



पॉप आइकन टेलर स्विफ्ट भी डीपफेक की शिकार हुईं। हाल ही में एआई का उपयोग करके तैयार की गई टेलर स्विफ्ट की नकली यौन तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इस मामले में दुनिया भर के लोगों और संगठनों की ओर से कई तरह की प्रतिक्रियाएं आईं। अब माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला ने भी इस मुद्दे अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। सत्या नडेला ने एआई-निर्मित तस्वीरों के उदय को खतरनाक और भयानक बताया। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि हमें इस पर तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। यह मामला ऑनलाइन सुरक्षा और एआई प्रौद्योगिकी के नैतिक अर्थों के बारे में चिंता पैदा करता है। सीईओ ने इस प्रकार की सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए तकनीकी कंपनियों की जिम्मेदारी के रूप में रेलिंग लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए कानून प्रवर्तन को तकनीकी कंपनियों के साथ मिलकर काम करना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, टेलर स्विफ्ट की ये एआई-जनरेटेड तस्वीरें एक्स (ट्विटर) पर फैलाई गई थीं, जो एक टेलीग्राम समूह से उत्पन्न हुई थी। यह समूह जो तस्वीरों के माध्यम से महिलाओं को लक्षित करता है। समूह जिन उपकरणों का उपयोग करता है, उनमें माइक्रोसॉफ्ट का इमेज क्रिएटर भी शामिल है।

## टॉलीवुड

### 'माइग्रेन होने लगा फिर...,' गुंटूर कारम में बीड़ी फूंकी महेश ने



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की हालिया रिलीज फिल्म 'गुंटूर कारम' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म में अभिनेता को एक उपद्रवी अवतार में दिखाया गया है, जो धुम्रपान का भी सेवन करता है। हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि फिल्म के लिए 'बीड़ी' पीने से उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वह धूम्रपान को प्रोत्साहित नहीं करते हैं। फिल्म का समर्थन करने वाले हारिका और हसीन क्रिएशन्स से बात करते हुए, महेश बाबू ने खुलासा किया कि जब उन्होंने 'गुंटूर कारम' की शूटिंग शुरू की तो बीड़ी के कारण उन्हें माइग्रेन की समस्या हो गई थी। फिर, फिल्म के निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास उनकी सहायता के लिए आए और एक आयुर्वेदिक विकल्प दिया। सुपरस्टार ने कहा, 'मैं धूम्रपान नहीं करता और धूम्रपान को प्रोत्साहित भी नहीं करूंगा।' अभिनेता ने आगे जोड़ा, 'यह एक आयुर्वेदिक बीड़ी थी जो लौंग के पत्तों से बनाई जाती थी। शुरुआत में उन्होंने मुझे असली बीड़ी पिलाई और मुझे माइग्रेन हो गया। मैंने जाकर त्रिविक्रम को बताया और वह सोच रहे थी कि क्या करना है। फिर उन्होंने खोजबीन की और मुझे यह आयुर्वेदिक बीड़ी दिलाई, जो मुझे अच्छी लगी। यह लौंग की पत्तियों से बना था और इसमें पुदीने का स्वाद था। इसमें कोई तंबाकू नहीं था।' एक्शन से भरपूर मनोरंजन के साथ तेलुगु सुपरस्टार दो साल के अंतराल के बाद थिएटर में लौटे। उन्हें आखिरी बार बड़े पर्दे पर 2022 की फिल्म 'सरकारु वारी पाटा' में देखा गया था।

## भोजपुरी

### 'गांव के जीरो शहर मा हिरो' घिरे प्रशंसकों से, सेल्फी की धूम



छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में 9 फरवरी को एक साथ रिलीज होने वाली फिल्म ₹ गांव के जीरो शहर मा हिरो ₹ के प्रमोशन के लिए निर्माता व हीरो मनोज राजपूत सीधे फिल्म प्रेमियों के बीच पहुंच रहे हैं और उनसे चाय पे चर्चा कर रहे हैं। इस दौरान फैंस भी उन्हें हाथों-हाथ ले रहे हैं। भिलाई के सिविक सेंटर एवं स्मृति नगर में छत्तीसगढिया सबले बढ़िया का नारा लगाते मनोज दर्शको के बीच उत्साह के साथ साथ शामिल हुए। इस दौरान फिल्म से जुड़े कलाकारों ने लोगों के साथ डांस भी किया। प्रसंको ने मनोज के साथ सेल्फी लेने की होड़ मची रही। मनोज राजपूत ने इवेंट में पहुंचे लोगों से चाय पर चर्चा करते हुए बताया कि यह फिल्म उनके जीवन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि 9 फरवरी से रिलीज हो रही उनकी फिल्म ₹ गांव के जीरो शहर मा हिरो ₹ को एक बार सिनेमाघरों में जाकर जरुर देखें क्योंकि इसमें उन्हें पता चलेगा कि एक गांव का छोटा लड़का शहर में आकर कैसे तरक्की कर हीरो बन जाता है, वैसे ही आप लोग भी कड़ी मेहनत करके हीरो बन सकते हैं। इस दौरान मौजूद लोग भी अपने आप को थिरकने से रोक नहीं सकें और कलाकारों के साथ खूब डांस किया। चाय पे चर्चा करते हुए मनोज राजपूत ने बताया कि फिल्म की शूटिंग दुर्ग, भिलाई के अलावा छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों के साथ ही गोवा, कोलकाता व हैदराबाद के रामोजी स्टूडियों में हुई है। पहली बार सबसे उत्तम किस्म के कैमरे फैन्टम का इस्तेमाल इस फिल्म में किया गया है। फिल्म में बॉलीवुड एक्टर भगवान तिवारी के साथ छॉलीवुड के कलाकारों का जलवा देखने को मिलेगा। फिल्म की हीरोईन नेहा शुक्ला है वहीं मनोज राजपूत के पिता की भूमिका अर्जुन परमार ने निभाया है जो फिल्म के सहायक निर्देशक भी है। इसके साथ ही इशिका यादव, धर्मेन्द्र यादव, प्रदीप शर्मा, पप्पू चन्द्राकर, संजीव मुखर्जी, विक्की वीरा सहित छॉलीवुड के कलाकारों ने अभिनय किया है।

## लाइफ स्टाइल

### लॉस एंजिलिस में फैशन परेड

आर्ट हार्ट्स फैशन मार्च में फैशन वीक के जरिए धमाकेदार वापसी कर रहा है! शानदार लॉस एंजिल्स फैशन वीक का 18वां सीज़न इस बार आपको मदहोश करने मार्च के पहले सप्ताह में आ रहा है। प्रतिष्ठित मैजेस्टिक डाउनटाउन में 30,000 से अधिक वर्ग फुट के ऐतिहासिक स्थल में फैशन की दुनिया के हजारों मेहमान एक अनोखे फैशन शो का अनुभव करेंगे जिसमें दुनिया की कुछ सबसे प्रसिद्ध हस्तियां, डीजे, निजी पार्टियां और बहुत कुछ शामिल होंगे।



### काजल लगाते समय न करें ये गलतियां, आंखें दिखेंगी खूबसूरत

मेकअप करने की सही तकनीक को समझकर ही आपको किसी भी तरह का लुक चेहरे पर क्रिएट करना चाहिए। वहीं किसी भी मेकअप लुक को ट्राई करने से पहले आप 2 से 3 बार प्रैक्टिस जरूर कर लें। आंखों में काजल लगाने का भी एक तरीका होता है और कई बार हम इन बातों को नजरअंदाज कर देते हैं और इसी कारण अपनी आंखों पर लगे काजल को बिगाड़ लेते हैं।

किसी भी तरह का मेकअप करने से पहले आपको आंखों की शेप और साइज को समझना बेहद जरूरी होता है। हर व्यक्ति की आंखें अलग तरह की होती हैं। बता दें कि बड़ी आंखों पर आप ब्रॉड ब्लैक काजल लगा सकती हैं, लेकिन अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो आप आंखों की वाटर लाइन में व्हाइट कलर के काजल का इस्तेमाल कर सकती हैं। छोटी आंखें हैं तो आप व्हाइट काजल का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें अन्यथा आपकी आंखें और भी ज्यादा छोटी नजर आने लग जाएंगी। आंखों पर ब्रॉड और गहरा काजल खूबसूरत नजर आता है, लेकिन ऐसा जरूरी नहीं है कि हर तरह की आंखों पर इस तरह का गहरा काजल सूट करें।



### हाथ हो गए हैं सख्त तो उन्हें मुलायम बनाने के लिए अपनाएं ये उपाय

ठंडी हवाओं के कारण हाथों की त्वचा हो गई है सख्त तो आपको भी हाथों को सॉफ्ट बनाने के लिए जरूर ट्राई करने चाहिए कुछ आसान घरेलू नुस्खे। इसके लिए आलू को उबालकर मैश कर लें और फिर उसमें गुलाब जल मिक्स करें। अब आपको इस मिश्रण से दोनों हाथों पर लगाना है और हल्के हाथों से मसाज करनी हैं। 5 मिनट बाद गुनगुने पानी से आप हाथों को वॉश कर लें। यदि आप नियमित दिन में एक बार भी इस घरेलू नुस्खे को अपनाती हैं, तो आपके हाथ न केवल मुलायम होंगे बल्कि उनकी टैनिंग भी दूर हो जाएगी। इसी तरह मैश केले में शहद मिक्स करें और इस मिश्रण को हाथों पर रब करें। 5 मिनट बाद गरम पानी से हाथों को वॉश कर लें। यदि आप रात में सोने से पहले इस मिश्रण को नियमित हाथों पर लगाती हैं, तो ऐसा करने से भी आपके हाथ सॉफ्ट हो जाएंगे।



### सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को करें स्टाइल

फैशन



सिल्क साड़ी पहनना हर किसी को पसंद होता है। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि साड़ी के साथ कुछ नए तरीके के डिजाइन के ब्लाउज ही अच्छे लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम भी कुछ नया ट्राई कर पाते हैं। ऐसे में आप इस बार सिल्क साड़ी के साथ स्ट्रैपी ब्लाउज को ट्राई करें। इससे सिल्क साड़ी ट्रेडिशनल के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगेगी। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज को आप वियर कर सकती हैं।

#### स्टाइलिश डोरी ब्लाउज डिजाइन

इस तरह के ब्लाउज से आप अपने सिल्क साड़ी लुक को खूबसूरत बना सकती हैं। इसके लिए आप स्टाइलिश डोरी वाले ब्लाउज को डिजाइन करवाएं। आप इसके लिए स्पाइरल डिजाइन वाली डोरी के ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं वरना आप सिंपल डोरी के साथ हाई नेक डिजाइन के ब्लाउज में क्रिएट कर सकती हैं। यह भी काफी अच्छा लगता है। इस तरीके के ब्लाउज को और ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बो डिजाइन बनाएं। इस तरीके से आपका ब्लाउज सुंदर नजर आएगा।

#### डबल डोरी ब्लाउज डिजाइन

अगर आपको कुछ अलग हटके ट्राई करना है तो इसके लिए आप डबल स्ट्रैपी वाले ब्लाउज को स्टाइल कर (ब्लाउज डिजाइन) सकती हैं। इसमें एक ऊपक की तरह डोरी लगाई जाएगी। फिर नीचे की तरफ डोरी को लगाया जाएगा। इसके बाद ही यह ब्लाउज अच्छा लगेगा। इसमें आप चाहे तो पीछे बैकलेस डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इससे ये ब्लाउज और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएगा। सिल्क साड़ी के साथ अच्छा भी लगेगा।

#### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

हैवी सिल्क साड़ी अगर आप वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप स्टाइलिश ब्रालेट ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। आपके लुक (लेटेस्ट ब्लाउज डिजाइन) को खास बनाने के लिए ये बेस्ट है। इसमें आपको ब्लाउज में हैवी डिजाइन मिलेगा लेकिन स्ट्रैप सिंपल मिलेगी। जिससे यह और सुंदर नजर आएगा। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए।

### कुर्ती को इन तरीकों से करेंगी स्टाइल तो इस ठंड में भी दिखेंगी स्टाइलिश



कुर्ती पहनना हम सभी को पसंद होता है और इसके कई डिजाइंस आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन स्टोर्स तक में आसानी से नजर आ जाएंगे। इन्हें स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन ज्यादातर इन कुर्तियों को गर्मी के मौसम में पहना जाता है। सर्दी के मौसम में कुर्ती को स्टाइल करने के लिए और ठंड से भी बचने के लिए आप कुर्ती को अन्य कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है।

**ठंड के साथ कुर्ती को स्टाइल करने का तरीका:** चिकनकारी से लेकर प्लेन कुर्ती को आप ओवरकोट या लेदर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। देखने में इस तरह की स्टाइलिंग आपको पॉवर लुक देने में मदद करेगा। आप चाहे तो इस तरह के लुक मोटे फैब्रिक वाली डेनिम जैकेट को भी पहन सकती हैं। वहीं अगर आप कोट या जैकेट को नहीं पहनना चाहती हैं तो कुर्ती के अंदर हाई नेक टॉप भी पहन सकती हैं ताकि ठंड में आप स्टाइलिश नजर आए।

**लॉन्ग जैकेट के साथ कुर्ती को कैसे करें स्टाइल ?:** कुर्ती के साथ चाहे तो कलर कॉम्बिनेशन और लुक को ध्यान में रखकर आप कस्टमाइज जैकेट भी सिल्वा सकते हैं। इसके आलावा आप चाहे तो डबल स्टाइल कुर्ती को पहन सकती हैं। इस तरह की जैकेट बनवाने के लिए आप वूलेन में काफी तरह के फैब्रिक का चुनाव कर सकती हैं।

**वेलवेट की कुर्ती को कैसे करें स्टाइल ?:** अगर आप नई कुर्ती खरीदने या सिलवाने का सोच रही हैं इसके लिए फैब्रिक का खासतौर से ख्याल रखें। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि ठंड के मौसम में आप कॉटन या कोई पतला फैब्रिक खरीदने की जगह वेलवेट के फैब्रिक को खरीदकर कुर्ती सिल्वा सकते हैं या चाहे तो रेडीमेड में भी खरीद सकते हैं।

### कोरियन हेयरस्टाइल से ट्रेंडी लगेगा लुक, आप भी करें ट्राई

अगर आप शादी या पार्टी में जाने के लिए स्टाइलिश हेयरस्टाइल तलाश रहे हैं, तो कोरियन ट्रेंड को फॉलो कर सकती हैं। जी हां, हम आपके साथ कुछ आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जिन्हें फंक्शन में ट्राई किया जा सकता है। अगर आप यह खुद के लिए न कर सके, तो अपने घर की दूसरी महिलाओं के बालों में तो आसानी से बना सकती हैं। इस तरह आपका पार्लर जानें का खर्चा भी बच जाएगा और आपका काम भी हो जाएगा।



**रिबन हेयरस्टाइल :** बन हेयरस्टाइल बहुत ही कॉमन और पारंपरिक हेयर स्टाइल है। इसका ट्रेंड न सिर्फ भारत में बल्कि कोरिया में भी फेमस है, जिसे रिबन लगाकर बनाया जाता है। इसमें बालों को पिंच करके एक जूड़ा बनाया जाता है और उसके साथ सुंदर पैटर्न में, एक खूबसूरत रंग के रिबन से जुड़े को सजाया जाता है। इस हेयरस्टाइल को बनाने के लिए आपको ये टिप्स अपनाने होंगे।

**कैसे बनाएं ? :** लो बन बनाने के लिए सबसे पहले आपको बालों की ऑफ सेंटर पार्टिंग करनी होगी। आप पार्टिंग अपने फेस के हिसाब से पार्टिंग कर सकते हैं। आप बीच या फिर साइड की पार्टिंग कर सकती हैं। बेहतर होगा कि आप अपने बालों को स्ट्रेट भी कर सकती हैं। अब अपने बालों को स्ट्रेट करें और पीछे की तरफ ले जाएं। फिर बालों को रोल करें और स्कैल्प के सेंटर में जाकर पिंस से टक कर लें। इस रोल पर आप अच्छी तरह से हेयर स्प्रे कर लें और रिबन भी लगा लें। ताकि आपके बाल सेट हो जाएं। बस आप इसके बाद बन एक्सटेंशन लगा लें।

## कार्नर न्यूज

### बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना आसान काम नहीं

# यंग दिखने के लिए पुरुष अक्सर करते हैं ये फैशन मिस्टेक्स, खुद गलती करने से ऐसे बचें

*बढ़ती उम्र के साथ अपने स्टाइल को बरकरार रखना पुरुषों के लिए चैलेंजिंग होते जाता है। अपनी उम्र को कम दिखाने के लिए पुरुष जवां दिनों के स्टाइल को ही फॉलो करने लगते हैं, जिसकी वजह से उनकी स्टाइल बिगड़ने लगती है। वे उसी कलर और स्टाइल की ड्रेस पहनने लगते हैं। इसी चक्कर में वे फैशन मिस्टेक्स कर देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि हमें कैसे स्नीकर्स/जूते,जींस या पैंट,टी-शर्ट या शर्ट आदि में से क्या पहनना सही होगा? यदि आप खुद को इस तरह की गलतियों से बचकर स्टाइल को मेंटेन रखना चाहते हैं तो यहां पर दिए स्टाइलिंग टिप्स को फॉलो करें।*



#### परफेक्ट जींस चुनने में गलती

अपने लिए परफेक्ट जींस चुनना यंग एज के लिए मुश्किल काम नहीं है क्योंकि रिप्ड से लेकर ओवरसाइज स्टाइल की जींस पहन सकते हैं। मगर जब उम्र ढलने लगे तब किसी भी प्रकार की स्टाइल की जींस नहीं पहन सकते हैं। कई बार अधिक उम्र वाले पुरुष बहुत अधिक लूज जींस पहनने लगते हैं। जबकि यह गलत सिलेक्शन है।

#### कैसी जींस पहनें?

जिन पुरुषों की उम्र अधिक हो उनको ओवरसाइज जींस नहीं पहननी चाहिए। ये उनकी पर्सनैलिटी को बिगाड़ती है। उन्हें लूज फिट जींस पहननी चाहिए। साथ ही रिप्ड जींस भी पहनने से बचना चाहिए।

#### शर्ट्स चुनने में गलती

ऐसे पुरुषों पर हर स्टाइल की शर्ट्स फिट नहीं बैठती हैं। आपको इस बात को समझने की जरूरत है। खासकर फ्लोरल या डिजाइनदार शर्ट्स को पहनने से बचना चाहिए। फ्लोरल प्रिंट जवां पुरुष के लुक को ही निखारने का काम करता है। लेकिन किसी अधिक उम्र वाले पुरुष के लुक को बिगाड़ने का काम करती है।

#### कैसी शर्ट पहनें?

अगर आपकी उम्र अधिक है और शर्ट चुनने में परेशानी हो रही है तो यहां एक बात समझ लें। फ्लोरल शर्ट को पहनने से बचें। उसकी सॉलिड शर्ट्स या डेनिम शर्ट्स पहन सकते हैं। इससे पर्सनैलिटी निखरी हुई दिखाई देगी।

#### जूते चुनने में गलती

एक स्टाइलिश मैन को बढ़ती उम्र के साथ जूते चुनने में भी काफी दिक्कत होती है। वे स्नीकर्स और कैनवास शूज के साथ दोस्ती तोड़ नहीं पाते हैं। इसी वजह से फंकी स्नीकर्स पहने दिखाई देते हैं। ये भले ही आरामदेह हो लेकिन उम्र के हिसाब से स्टाइल सही नहीं है।

